Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 314 | गुरूवार, 19 नवम्बर-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

यहां दंगाइयों का होता है उपचार, लॉ-लेस लैंड से लैंड ऑफ लॉ बना यूपी: सीएम योगी



पहले दंगे में झुलसता था यूपी आज है रूल ऑफ लॉ

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय था जब उत्तर प्रदेश दंगों की आग में झुलसता था और अपराधियों के हौसले बुलंद थे। आज प्रदेश में रूल ऑफ लॉ है और यह लॉलेस लैंड से लैंड ऑफ लॉ बन गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पुलिस भर्ती की पारदर्शी व्यवस्था के साथ ही पुलिस बजट को तीन से चार गुना किया गया है। साइबर थाने दो से बढ़ाकर 75 जनपदों तक ले जाए गए हैं। ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत 15 लाख से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और पीआरवी 112 का रिस्पॉन्स टाइम 65 मिनट से घटाकर 5 से 7 मिनट किया गया है। इसके अलावा 15,000 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त या ध्वस्त की गई है, जिससे प्रदेश में डकैती और लूट में भारी कमी आई है।

आतंकी हमले से निपटने की दिखाई लाइव ड्रिल

कार्यक्रम के दौरान एनएसजी और एटीएस के दक्ष कमांडो ने आतंकवादी हमलों, बंधकों को मुक्त कराने, विस्फोटकों को निष्क्रिय करने और वीआईपी सुरक्षा जैसे चुनौतीपूर्ण अभियानों का शानदार प्रदर्शन किया। हेलिकॉप्टर से उतरकर ऑपरेशन को अंजाम देने की वर्टिकल एनवेलपमेंट तकनीक की लाइव ड्रिल भी की गई। साथ ही काफिले के गुजरने के दौरान विस्फोट होने पर वीआईपी को सुरक्षित निकालने का जीवंत प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण एनएसजी की के9 यूनिट का एक्सप्लोसिव डिटेक्शन डॉग 'डॉनी' रहा, जिसने मुख्यमंत्री को पुष्पों की टोकरी भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

वेलकम इंडिया, नेटवर्क

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ पुलिस लाइंस में एनएसजी (NSG) एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश, जो कभी दंगों की आग में झुलसता था और जहां अपराधियों के हौसले बुलंद थे, आज कानून के राज यानी 'रूल ऑफ लॉ' के लिए जाना जाता है। प्रदेश में अराजकता और अपराध का दौर समाप्त हुआ है। आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर केंद्र और राज्य सरकार की नीति स्पष्ट है, न अपराधियों को अभय, न आतंकियों को अवसर और न ही देश की सुरक्षा से कोई समझौता।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को लखनऊ पुलिस लाइंस में एनएसजी (NSG) एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि आज पूरा देश यूपी पुलिस और एटीएस के पराक्रम पर गर्व करता है।

मुख्यमंत्री ने सुरक्षा चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि समय के साथ दुश्मन ने अपने तरीके बदले हैं। आज दुश्मन अदृश्य मोर्चे से वार कर रहा है।

हवाला नेटवर्क, फेक करेंसी, अवैध कन्वर्जन, साइबर क्राइम और क्रिप्टो करेंसी के जरिए समाज के भीतर से पूरी व्यवस्था को खोखला करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यूपी पुलिस और एटीएस के जांबाजों ने हर ऐसी अदृश्य साजिश को बेनकाब किया है।

गोरखपुर में काशी की तरह बीजेपी का आएगा डबल जीरो: अखिलेश यादव



वेलकम इंडिया, नेटवर्क

गोरखपुर। समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि चुनाव तारीखों के ऐलान से पहले ही गोरखपुर में जनता का जो उत्साह दिख रहा है, उससे संकेत मिलता है कि यहां भी काशी की तरह ही 'डबल जीरो' वाला नतीजा आएगा। लोगों को संबोधित करते हुए यादव ने चुनाव से पहले जनता की प्रतिक्रिया की ओर इशारा किया। सपा प्रमुख ने कहा क अभी तो चुनाव की तारीखों का ऐलान भी नहीं हुआ है, लेकिन गोरखपुर के लोगों में उत्साह देखिए! यह वाकई कमाल का है। अगर आज वोटिंग हो जाए, तो गोरखपुर में भी डबल जीरो ही आएगा, ठीक वैसे ही जैसे काशी में आया था। गोरखपुर में नागरिक सुविधाओं की खराब हालत और अधूरे वादों को लेकर भाजपा पर तंज कसते हुए, यादव ने आरोप लगाया कि हाल ही में हुई बारिश के कारण लोगों के घरों में बाढ़ का पानी घुस गया और पूरा शहर 'वेनिस' बन गया। यादव ने कहा, 'गोरखपुर पहुँचकर मुझे ऐसा लगा जैसे मैं यूरोप आ गया हूँ–या यूँ कहें कि यह गोरखपुर की यात्रा कम और यूरोप की यात्रा ज्यादा लग रही थी। यह 'यूरोपीय' अनुभव पूरी तरह से भाजपा के झूठे वादों की देन है। कुछ दिन पहले ही, बस कुछ घंटों की बारिश में जलस्तर बढ़ गया और लोगों के घरों में पानी घुस गया–जिससे यह जगह 'वेनिस' बन गई। मुझे उनका एक वादा याद है कि यहाँ भी लखनऊ की तरह मेट्रो चलेगी। लेकिन हर मॉनसून में, हमारे लोग मेट्रो में नहीं, बल्कि नावों में सफर करते हैं–नावों में!' सपा प्रमुख ने प्रधानमंत्री पर भी निशाना साधा। उन्होंने तंज कसते हुए उन्हें 'वाचस्पति' (भाषण देने में माहिर) कहा और बंगाल में वोट माँगने के दौरान इस्तेमाल किए गए एक नारे का ज़िक्र किया। यादव ने कहा हमारे नेता (प्रधानमंत्री) के ज्ञान और जानकारी को देखकर तो लगता है कि वे 'वाचस्पति' हैं; आजकल तो वे सचमुच 'वाचस्पति' बन गए हैं! और वे इतने ज्ञानी हैं कि जब वे यहाँ से बंगाल में वोट माँगने गए, तो बोलेः 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा!'' 2027 के विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ, गोरखपुर सत्ताधारी दल और विपक्ष दोनों के लिए एक अहम चुनावी अखाड़ा बन गया है।

बैणी-भुली योजना से 5 लाख महिलाओं को मिलेगी आर्थिक मदद



देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'बैणी-भुली' योजना के तहत पांच लाख से अधिक महिलाओं को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। इसकी पहली किस्त दिसंबर में जारी की जाएगी। राज्य में अगले साल चुनाव होने हैं। चमोली जिले के पीपलकोटी में 'मातृशक्ति सम्मेलन' को संबोधित करते हुए धामी ने कहा कि इस योजना के तहत प्रोत्साहन राशि दो किस्तों में सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रगति में महिलाओं की अहम भूमिका है। वे कृषि, पशुपालन, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में योगदान दे रही हैं। सरकार स्वयं सहायता समूहों, स्वरोजगार योजनाओं और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर आजीविका के अवसरों का भी विस्तार कर रही है।

पेज नंबर 201 पर विवाद, शिवसेना नेताओं ने फाड़ी सोनिया गांधी की किताब, बैन की मांग

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



नई दिल्ली। महाराष्ट्र में बुधवार को एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। शिवसेना ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की किताब 'बिलॉन्गिंगः अ जर्नी ऑफ लव' पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। यह मांग किताब में स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर के बारे में की गई टिप्पणियों को लेकर की गई है। मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, शिवसेना के कई नेताओं ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे की चुप्पी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने सावरकर के अपमान पर एक शब्द भी नहीं कहा है। इसके बजाय, उन्होंने कहा कि उद्धव ने कांग्रेस से यह किताब स्वीकार कर ली है। शिवसेना नेताओं ने कहा कि सोनिया गांधी ने अपनी किताब में सावरकर का अपमान किया है। उन्होंने किताब में लिखा है कि सावरकर ने अंग्रेजों से माफी मांगी थी और उन्हें पत्र लिखे थे। यही आरोप लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी कई बार लगा चुके हैं।


शिवसेना ने संस्मरण पर प्रतिबंध लगाने की मांग की

महाराष्ट्र की सत्ताधारी 'महायुति' सरकार जिसमें शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल हैं – से भी इस किताब पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया। शिवसेना के प्रवक्ता संजय निरुपम ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा उन्होंने किताब में जो बातें लिखी हैं, वे असल में प्रेम की यात्रा नहीं, बल्कि नफरत की यात्रा हैं... उनके मन में वीर सावरकर के प्रति लगातार नफरत रही है जो भारत के महान क्रांतिकारी और महाराष्ट्र के ऐसे सपूत हैं, जिन्हें पूरा राज्य देवता की तरह पूजता है। उन्होंने आगे कहा उनके दिल में हिंदुओं के प्रति पक्की नफरत है; इसी किताब में उन्होंने शायद यह भी लिखा है कि बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद उनकी आँखों में आँसू आ गए थे। लेकिन, जब भगवान राम के मंदिर को तोड़कर वहाँ मस्जिद बनाई गई थी, तो उस घटना से उन्हें कोई दुख नहीं हुआ।

आतंकवादी थोड़ा बहुत भाग तो सकते हैं मगर बच नहीं सकते

लतीफ अहमद भट को जहन्नुम पहुँचा कर सुरक्षा बलों ने आतंक को दिया सख्त संदेश

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



जम्मू-कश्मीर। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई में सुरक्षा बलों ने एक ऐसी कार्रवाई को अंजाम दिया है, जो आतंकियों के नेटवर्क के लिए बड़ा झटका मानी जा रही है। हम आपको बता दें कि कुलगाम के जंगलपोरा इलाके में मुठभेड़ के दौरान लश्कर-ए-तैयबा (LET) के शीर्ष कमांडर लतीफ अहमद भट को मार गिराया गया। उसे सुरक्षा एजेंसियां लंबे समय से तलाश रही थीं और उसका नाम उफ्फक्रपर हुए आतंकी हमले से जुड़े संदिग्ध आतंकियों में प्रमुख रूप से सामने आया था। इस कार्रवाई ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति का एक और निर्णायक पहलू सामने रखा है कि आतंकी नेटवर्क चाहे जितना छिपने की कोशिश करें, सुरक्षा बल उनकी तलाश छोड़ने वाले नहीं हैं। कश्मीर जोन पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आधिकारिक जानकारी साझा करते हुए पुष्टि की है कि ऑपरेशन के दौरान मारे गए एक आतंकवादी का शव और उसके साथ एक हथियार मुठभेड़ स्थल से बरामद कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, मारे गए आतंकवादी की पहचान मोहम्मद लतीफ भट, निवासी खेवान, कुलगाम के रूप में हुई है। हम आपको बता दें कि लतीफ भट का सुरक्षा एजेंसियों के साथ पीछा पिछले कई महीनों से चल रहा था। वह पहले भी अलग-अलग अभियानों के दौरान सुरक्षा बलों के घेरे से बच निकलने में कामयाब रहा था। अधिकारियों के मुताबिक, उसने करीब एक साल के भीतर कई बार ऑपरेशन के दौरान बच निकलने की कोशिश की। स्थानीय इलाके की जानकारी और रास्तों की पहचान का इस्तेमाल कर वह सुरक्षा बलों से बचता रहा, लेकिन इस बार उसकी रणनीति काम नहीं आई।

जंगलपोरा के देवसर इलाके में जम्मू-कश्मीर पुलिस को आतंकियों की मौजूदगी के बारे में पुख्ता खुफिया जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस, सेना और अन्य सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने पूरे इलाके को घेरकर तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षा बल जैसे ही संदिग्ध ठिकाने की तरफ बढ़े, आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी और मुठभेड़ भड़क उठी। घेरे में फंसे लतीफ भट को आत्मसमर्पण करने के कई अवसर दिए गए। अधिकारियों ने उससे संपर्क करने की कोशिश की, यहां तक कि वीडियो कॉल के जरिए भी उसे हथियार छोड़ने और जिंदगी का दूसरा मौका स्वीकार करने की अपील की गई। लेकिन उसने आत्मसमर्पण करने के बजाय गोलीबारी जारी रखी।

यही नहीं, मुठभेड़ के दौरान लतीफ भट एक मस्जिद के भीतर जा पहुंचा और वहां से गोलीबारी करने लगा। सुरक्षा बलों के सामने चुनौती केवल आतंकी को निष्क्रिय करने की नहीं थी, बल्कि धार्मिक स्थल को नुकसान से बचाने की भी थी। इसीलिए पूरे ऑपरेशन में अत्यधिक संयम बरता गया और मानक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए कार्रवाई आगे बढ़ाई गई।

181 सीटें मांगी थीं, मगर अखिलेश यादव ने 24 सीटों का प्रस्ताव देकर कांग्रेस को यूपी में उसकी हैसियत दिखा दी

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों पर अभी चुनावी बिगुल पूरी तरह बजा भी नहीं है, लेकिन विपक्षी गठबंधन के भीतर सीटों की लड़ाई ने राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया है। एक तरफ कांग्रेस 181 सीटों की मांग के साथ समाजवादी पार्टी के सामने बराबरी के साझेदार का दावा ठोक रही है, तो दूसरी तरफ अखिलेश यादव ने महज 24 सीटों के शुरूआती प्रस्ताव के जरिए साफ संकेत दे दिया है कि उत्तर प्रदेश में गठबंधन की राजनीति समाजवादी पार्टी की शर्तों पर ही आगे बढ़ेगी। देखा जाये तो कांग्रेस के लिए यह सिर्फ सीटों का मामला नहीं, बल्कि राज्य की राजनीति में अपनी खोई हुई जमीन वापस हासिल करने की लड़ाई है। वहीं अखिलेश यादव के लिए यह सवाल है कि जिस पार्टी के पास उत्तर प्रदेश में मजबूत क्षेत्रीय संगठन और बड़ा जनाधार है, वह अपने राजनीतिक हिस्से पर समझौता क्यों करे?

बताया जा रहा है कि समाजवादी पार्टी कांग्रेस को शुरूआती तौर पर लगभग 24 सीटें देने का प्रस्ताव रख सकती है। इस प्रस्ताव का आधार 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों का प्रदर्शन बताया जा रहा है। खास तौर पर उन सीटों को प्राथमिकता दी जा सकती है, जहां कांग्रेस प्रत्याशियों को 20 हजार से अधिक वोट मिले थे। दूसरी तरफ कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को 181 विधानसभा सीटों की सूची सौंपी है। यानी दोनों दलों के बीच शुरूआती अंतर ही 157 सीटों का है। यह अंतर बताता है कि बातचीत कितनी कठिन होने वाली है।

दरअसल, कांग्रेस की 181 सीटों की मांग के पीछे उसकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा साफ दिखाई देती है। लोकसभा चुनाव 2024 में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करके कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में छह लोकसभा सीटें जीती थीं। अमेठी और रायबरेली जैसे क्षेत्रों में उसकी वापसी ने पार्टी के भीतर यह उम्मीद पैदा की कि विधानसभा चुनाव में भी उसे बड़ा राजनीतिक विस्तार मिल सकता है। कांग्रेस अब गठबंधन में केवल सहयोगी की भूमिका निभाने के बजाय अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान और संगठनात्मक ताकत को फिर से स्थापित करना चाहती है। 181 सीटों की मांग इसी रणनीति का हिस्सा है।

लेकिन अखिलेश यादव के सामने भी अपनी अलग राजनीतिक मजबूरियां हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने 111 सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस के खाते में महज दो सीटें आई थीं। ऐसे में सपा नेतृत्व कांग्रेस की मौजूदा राजनीतिक ताकत का आकलन पिछले विधानसभा चुनाव के नतीजों के आधार पर कर रहा है। अखिलेश यादव जानते हैं कि अगर उन्होंने कांग्रेस को बड़ी संख्या में सीटें दे दीं, तो इसका सीधा असर समाजवादी पार्टी के अपने उम्मीदवारों, मौजूदा विधायकों और क्षेत्रीय समीकरणों पर पड़ेगा।

सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि कांग्रेस की 181 सीटों की सूची में समाजवादी पार्टी के मौजूदा विधायकों वाली लगभग 22 सीटें भी शामिल बताई गई हैं।

इनमें अमेठी, सहारनपुर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कुछ महत्वपूर्ण सीटें भी हैं। यही वह बिंदु है जहां गठबंधन की दोस्ती और राजनीतिक हित आमने-सामने खड़े दिखाई देते हैं। कांग्रेस लोकसभा चुनाव में अपने सांसदों के प्रभाव वाले विधानसभा क्षेत्रों पर दावा कर रही है, जबकि सपा अपने मौजूदा विधायकों और परंपरागत वोट बैंक वाली सीटों को छोड़ने के मूड में नहीं दिखती।

देखा जाये तो अखिलेश यादव का 24 सीटों का शुरूआती प्रस्ताव इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह कांग्रेस को एक स्पष्ट राजनीतिक संदेश देता है। संदेश यह है कि लोकसभा चुनाव की सफलता को विधानसभा चुनाव में सीटों की हिस्सेदारी का सीधा आधार नहीं बनाया जा सकता। उत्तर प्रदेश की राजनीति में विधानसभा का चुनाव अलग सामाजिक समीकरणों, स्थानीय उम्मीदवारों और बूथ स्तर के संगठन पर लड़ा जाता है।

लड़के के बैग में गांजा रख दो... सिवनी के होटल में रुके प्रेमी जोड़े को गांजा तस्करी में फंसाने की दी धमकी

एएसपी समेत 6 पुलिसकर्मी निलंबित

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



नई दिल्ली। मध्यप्रदेश के सिवनी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) ने अन्य पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में एक स्थानीय होटल में मौजूद बालिग प्रेमी जोड़े को गांजा तस्करी के मामले में फंसाने की कथित तौर पर धमकी दी, जिसके बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को दो अधिकारियों समेत छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक होटल में ठहरे बालिग प्रेमी जोड़े को लेकर पुलिस और होटल संचालक के बीच विवाद हुआ था। उन्होंने कहा कि आरोप है कि युवती पर उसके परिवार को बुलाने के लिए दबाव बनाया गया और जब उसने ऐसा करने से इनकार किया तो लड़के के बैग में गांजा रखकर फर्जी मामले में फंसाने की धमकी दी गई।

इस पूरी बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित होने के बाद जब पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे तो पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने मुख्यमंत्री के पास एएसपी दीपक मिश्रा और अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) चंचलेश मरकाम के निलंबन का प्रस्ताव भेजा।

मुख्यमंत्री यादव ने इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कहा कि पुलिस की वर्दी में अनुशासनहीनता व कदाचार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है और पुलिस बल में अनुशासन, जवाबदेही व कर्तव्यनिष्ठा सर्वोपरि है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'सिवनी के वायरल वीडियो प्रकरण में प्रथम दृष्टया संदिग्ध आचरण सामने आने पर एएसपी, एसडीओपी समेत 6 पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने और प्रकरण की निष्पक्ष व विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं।' उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने वाले प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी से जिम्मेदारी, मयार्दा और अनुशासन के साथ कर्तव्यों के निर्वहन की अपेक्षा है। उन्होंने कहा, 'कदाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के तहत दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।'

संपादक की कलम

निराशा से बढ़कर कोई शत्रु नहीं

भ मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अत: निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है ' जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है ' बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं ।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं ' सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं ' मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए ' यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है ' जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है ' यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है ' मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ' सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए 'इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है ' और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है ' भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है 'ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था ।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी



ललित शर्मा
संपादक

आसियान मंच: भारत का दबदबा, मोदी की कूटनीतिक गूंज



किशन भावनानीं
लेखक

किसी देश का वैश्विक प्रभाव केवल उसकी आर्थिक शक्ति, सैन्य क्षमता या जनसंख्या से तय नहीं होता, बल्कि इस बात से भी तय होता है कि विश्व की महत्वपूर्ण शक्तियाँ उसकी बात को कितनी गंभीरता से सुनती हैं। आज भारत इसी परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। दक्षिण-पूर्व एशिया के 11 देशों के संगठन आसियान का भारत सदस्य नहीं है, फिर भी उसके सर्वोच्च सम्मेलनों में भारत की उपस्थिति जिस सम्मान और अपेक्षा के साथ होती है, वह भारत की बदलती वैश्विक भूमिका का महत्वपूर्ण संकेत है। हाल ही में फिलीपींस की राजधानी मनीला में हुए 23वें भारत-आसियान शिखर सम्मेलन और 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सक्रिय भागीदारी ने इस बदलती तस्वीर को और स्पष्ट किया है। यह दृश्य अपने आप में महत्वपूर्ण है कि भारत आसियान का सदस्य नहीं है, लेकिन आसियान की भविष्य-चर्चा में भारत को अलग रखकर क्षेत्रीय समीकरणों की कल्पना करना कठिन होता जा रहा है। यही भारत की कूटनीतिक यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। 1991 की ह्यलुक ईस्टह्व नीति से शुरू हुई यात्रा 2014 में ह्यएक्ट ईस्टह्व नीति और अब व्यापक हिंद-प्रशांत दृष्टि तक पहुंची है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं आसियान को भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण के केंद्र में बताया है।

आसियान केवल भौगोलिक समूह नहीं है। यह आर्थिक शक्ति, समुद्री मार्गों, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं और हिंद-प्रशांत की रणनीतिक राजनीति का महत्वपूर्ण केंद्र है। इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम, फिलीपींस, ब्रुनेई, कंबोडिया, लाओस, म्यांमार और तिमोर-लेस्ते जैसे देश भारत के लिए व्यापार, निवेश, समुद्री सुरक्षा, तकनीक और सांस्कृतिक संपर्क की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मनीला में प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि भारत और आसियान को प्रतिस्पर्धा नहीं, सहयोग को आधार बनाकर शांति, स्थिरता और विकास का वातावरण तैयार करना चाहिए। उन्होंने मुक्त, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई और आसियान की एकता तथा केंद्रीयता को भारत के लिए महत्वपूर्ण बताया। यह केवल




कूटनीतिक भाषा नहीं है। इसके पीछे भारत की दीर्घकालीन रणनीति है-ऐसा हिंद-प्रशांत जिसमें किसी एक शक्ति का वर्चस्व न हो, छोटे देशों को अपनी स्वतंत्र विदेश नीति चलाने की जगह मिले और समुद्री मार्ग खुले रहें।

प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति का एक विशिष्ट पक्ष यह है कि उन्होंने भारत को केवल ह्यबड़ा बाजारह्व या ह्यउभरती अर्थव्यवस्थाह्व के रूप में प्रस्तुत करने के बजाय एक विश्वसनीय रणनीतिक साझेदार के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया है। मनीला में इसका प्रमाण अनेक द्विपक्षीय मुलाकातों में दिखाई दिया। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के साथ मोदी ने रक्षा, अंतरिक्ष, रेल, वित्तीय तकनीक तथा व्यापार और निवेश में सहयोग की प्रगति पर चर्चा की। सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के साथ डिजिटल क्षेत्र, कौशल, संपर्क, स्वास्थ्य, रक्षा-सुरक्षा और आर्थिक सहयोग की समीक्षा हुई। थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नवीराकुल के साथ व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, संपर्क, डिजिटल तकनीक और सांस्कृतिक संबंधों को आगे बढ़ाने पर विचार हुआ। मोदी की विदेश नीति का संदेश साफ है-भारत संबंधों का केवल दर्शक नहीं, बल्कि संबंधों की नई संरचना का सक्रिय निमार्ता बनना चाहता है।

इस पूरी यात्रा में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री की राजनीतिक दृष्टि को वैश्विक कूटनीतिक संवाद में ठोस स्वरूप देने में जयशंकर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे केवल विदेश मंत्रालय के प्रशासक नहीं, बल्कि बदलती विश्व-व्यवस्था को समझने वाले रणनीतिक चिंतक के रूप में भारत की विदेश नीति का प्रभावी चेहरा बने हैं। भारत की विदेश नीति में आज एक साथ अमेरिका, रूस, यूरोप, पश्चिम एशिया, जापान, ऑस्ट्रेलिया और आसियान देशों के साथ संबंधों को संतुलित रखने की क्षमता दिखाई देती है। यह संतुलन किसी एक खेमे में जाने के बजाय भारत के राष्ट्रीय हितों के आधार पर संबंधों को आकार देने की नीति को दशार्ता है। जयशंकर की कूटनीति का मूल संदेश भी यही रहा है कि भारत किसी शक्ति के दबाव में नहीं, बल्कि अपने हितों और अपनी सभ्यतागत दृष्टि के आधार पर विश्व से संबंध बनाएगा। प्रधानमंत्री की राजनीतिक सक्रियता और विदेश मंत्री की रणनीतिक कूटनीति का यह संयोजन भारत की विदेश नीति को अधिक प्रभावशाली बना रहा है। मनीला सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति ने भी इस यात्रा को विशेष महत्व दिया। 17 नवंबर को मनीला में पहली बार क्वाड नेताओं का शिखर-स्तरीय संवाद हुआ, जिसमें मोदी, ट्रंप, जापान की प्रधानमंत्री ताकाइची साने और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज शामिल हुए। इस घटनाक्रम का संदेश बहुत व्यापक है। भारत एक ओर आसियान के साथ अपने संबंधों को मजबूत कर रहा है, दूसरी ओर अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड के माध्यम से हिंद-प्रशांत की रणनीतिक संरचना को भी मजबूत कर रहा है। इसका अर्थ किसी देश के विरुद्ध मोचेबंदी नहीं, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता, आपूर्ति श्रृंखलाओं, महत्वपूर्ण खनिजों, समुद्री सुरक्षा और तकनीकी सहयोग में साझेदारी को बढ़ाना है। यहां मोदी की विदेश नीति का एक नया आयाम दिखाई देता है-भारत अब शक्ति-संतुलन का निष्क्रिय हिस्सा नहीं, बल्कि शक्ति-संतुलन को प्रभावित करने वाला केंद्र बनना चाहता है। आसियान देशों के लिए चीन एक बड़ा आर्थिक साझेदार है, लेकिन उसके साथ समुद्री और रणनीतिक विवाद भी हैं। दक्षिण चीन सागर में तनाव, आर्थिक निर्भरता और क्षेत्रीय प्रभाव की प्रतिस्पर्धा के बीच आसियान देश किसी एक शक्ति पर अत्यधिक निर्भर नहीं रहना चाहते। यही भारत के लिए बड़ा अवसर है। भारत को चीन का विकल्प बनने की जल्दबाजी करने के बजाय विश्वसनीय विकल्प बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इसके लिए व्यापार घाटे को कम करना, भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाना, आपूर्ति श्रृंखलाओं में भागीदारी बढ़ाना, निवेश को प्रोत्साहित करना और भारत-आसियान संपर्क परियोजनाओं को तेजी देना आवश्यक है। मनीला में घोषित समुद्री सहयोग योजना, साइबर प्रशिक्षण, अंतरिक्ष सहयोग, महत्वपूर्ण खनिज, परमाणु ऊर्जा, युवाओं और स्टार्ट-अप सहयोग तथा नालंदा में आसियान देशों के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति जैसी पहलें इसी नई दिशा की ओर संकेत करती हैं। भारत-आसियान संबंधों की सबसे बड़ी चुनौती व्यापार असंतुलन है।

कैग के खुलासों से बेनकाब सरकारी व्यवस्था, जवाबदेही पर उठे सवाल!



ललित गर्ग
लेखक

वैश्विक स्तरपर भारत में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) केवल एक सरकारी संस्था नहीं,बल्कि करोड़ों उपभोक्ताओं के विश्वास का प्रतीक है किसी वस्तु पर आईएसआई का चिह्न हो अथवा सोने के आभूषण पर हॉलमार्क, सामान्य ग्राहक इसे गुणवत्ता और शुद्धता की सरकारी कसौटी मानकर खरीदारी करताहै ।विशेषकर भारत जैसे देश में, जहां सोना केवल आभूषण नहीं, बल्कि पारिवारिक बचत,सामाजिक प्रतिष्ठा और आर्थिक सुरक्षा का भी महत्वपूर्ण आधार है, वहां हॉलमार्क की विश्वसनीयता का महत्व और बढ़ जाता है। लेकिन जब गुणवत्ता की निगरानी करने वाली संस्था की अपनी निगरानी व्यवस्था पर ही सवाल उठने लगें, तो यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं,बल्कि उपभोक्ता विश्वास और सरकारी जवाबदेही से जुड़ा गंभीर विषय बन जाता है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र बताना चाहूंगा कि इसी संदर्भ में नवंबर 2026 के मध्य में सामने आई भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की एक प्रारूप अनुपालन लेखापरीक्षा रिपोर्ट ने देश के सोना-चांदी और आभूषण बाजार में हलचल पैदा कर दी है। रिपोर्ट का शीर्षक सब्जेक्ट स्पेशफिक कम्पलायंस ऑडिट ऑन स्टैण्डर्डसेशन एंड अदर रिलेटेड एक्टिविटीज बाई बीआईएस बताया गया है ।उपलब्ध मीडिया रिपोर्टों के अनुसार,यह प्रारूप रिपोर्ट 17 नवंबर 2026 के आसपास सार्वजनिक चर्चा में आई, लेकिन इसे संसद में विधिवत प्रस्तुत अंतिम कैग रिपोर्ट समझना उचित नहीं होगा ।मंत्रालय की प्रतिक्रिया और अंतिम रिपोर्ट की संसदीय प्रक्रिया अलग विषय हैं ।इसलिए इसके निष्कर्षों को प्रारूप लेखापरीक्षा के निष्कर्षों के रूप में ही देखना चाहिए। हॉलमार्क की विश्वसनीयता पर कैग का सवाल:80 प्रतिशत से अधिक ज्वेलर्स की जांच नहीं,एएचसी केंद्रों के 43.7 प्रतिशत निरीक्षण अधूरे! साथियों बात अगर हम ज्वेलर्स प्रतिष्ठानों की पांच वर्षों की निगरानी में बड़ी चूक 28,865 में से केवल 5,444 दुकानों की जांच को समझने की करें तो,प्रारूप कैग रिपोर्ट से संबंधित मीडिया में प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में 28,865 लाइसेंसधारी ज्वेलर्स के मुकाबले केवल 5,444 दुकानों का निरीक्षण किया गया। इसका अर्थ है कि लगभग 18.86 प्रतिशत दुकानों की ही जांच हो सकी,जबकि करीब 81.14 प्रतिशत दुकानों का निरीक्षण नहीं हुआ। यह स्थिति उस समय और चिंताजनक



हो जाती है,जब बीआईएस के नियमों के तहत पंजीकृत ज्वेलर्स की नियमित निगरानी अपेक्षित है ।ग्राहक जिस हॉलमार्क को सरकारी गुणवत्ता नियंत्रण का प्रमाण मानता है,उसकी बाजार में वास्तविक स्थिति की जांच ही पर्याप्त स्तर पर नहीं हो रही हो,तो उपभोक्ता संरक्षण का उद्देश्य कमजोर पड़ना स्वाभाविक है ।यहां एक महत्वपूर्ण तथ्यात्मक अंतर भी समझना जरूरी है ।देशभर में बीआईएस के साथ पंजीकृत ज्वेलर्स की कुल संख्या और किसी विशेष वर्ष में निरीक्षण के लिए निर्धारित लाइसेंसधारी दुकानों की संख्या अलग- अलग आंकड़े हैं। नवंबर 2026 में सरकारी जानकारीके अनुसार पंजीकृत सक्रिय ज्वेलर्स की संख्या 2,36,624 तक पहुंच चुकी थी। इसलिए 28,865 और 5,444 के आंकड़ों को पूरे देश के सभी पंजीकृत ज्वेलर्स का कुल आंकड़ा बताना उचित नहीं होगा। फिर भी उपलब्ध प्रारूप ऑडिट संबंधी आंकड़े निगरानी व्यवस्था की गंभीरता से समीक्षा की सटीकता से मांग करते हैं। साथियों बात अगर हम एएचसी केंद्रों की निगरानी में 43.7 प्रतिशत की कमी: शुद्धता प्रमाणित करने वाली व्यवस्था पर सवाल को समझने की करें तो,सोने की हॉलमार्किंग व्यवस्था में असेइंग एंड हॉलमार्किंग केंद्र (एएचसी) अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन्हीं केंद्रों पर आभूषणों की शुद्धता और निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्ता की जांच की जाती है तथा प्रत्येक हॉलमार्क किए गए आभूषण को छह अंकों का विशिष्ट पहचान नंबर यानी एचयूआईडी दिया जाता है। लेकिन कैग के प्रारूप ऑडिट संबंधी मीडिया विवरण के अनुसार,चार क्षेत्रीयकार्यालयों में निर्धारित 5,020 सर्विलांस ऑडिट के मुकाबले केवल 2,826 ऑडिट किए गए। अर्थात 2,194 निरीक्षण नहीं हुए और निर्धारित लक्ष्य का लगभग 43.7 प्रतिशत हिस्सा अधूरा रहा ।इसका अर्थ यह नहीं है कि जिन आभूषणों की जांच नहीं हुई, वे सभी अशुद्ध हैं। लेकिन निगरानी की कमी से अनियमितताओं का पता लगाने और दोषियों के विरुद्ध समय पर कार्रवाई करने की क्षमता प्रभावित होती है। इसलिए एएचसी की जवाबदेही प्रयोगशालाओं की विश्वसनीयता और एचयूआई डी प्रणाली की स्वतंत्र जांच अत्यंत आवश्यक है। साथियों बात कर हम कर्मचारियों की कमी का तर्क:क्या प्रशासनिक कठिनाइयां उपभोक्ता अधिकारों से बड़ी हैं? इसको समझने की करें तो,कैग के सवालों पर बीआईएस की ओर से कर्मचारियों की कमी,दूरदराज के क्षेत्रों में पहुंचने की कठिनाइयों तथा नमूने एकत्र करने की व्यावहारिक समस्याओं का हवाला दिए जाने की बात सामने आई है ।लेकिन लेखापरीक्षा का मूल प्रश्न यह है कि जब किसी संस्था को देशभर में गुणवत्ता नियंत्रण की जिम्मेदारी सौंपी गई है, तो उसके पास उस जिम्मेदारी को निभाने के लिए पर्याप्त मानव संसाधन और प्रभावी कार्ययोजना क्यों नहीं है ?दिलचस्प तथ्य यह है कि बीआईएस की सितंबर 2026 की कार्यकारी समिति की कार्यवाही में स्वयं यह स्वीकार किया गया कि लगभग 2.3 लाख पंजीकृत ज्वेलर्स की प्रभावी निगरानी के लिए मौजूदा व्यवस्था पर्याप्त नहीं है ।उसमें 100 बीआईएस हॉलमार्किंग प्रतिनिधियों की स्वीकृत संख्या के मुकाबले कुल 150 प्रतिनिधियों की नियुक्ति का प्रस्ताव रखा गया, जिसे कार्यकारी समिति ने मंजूरी दी। यह कदम स्वागतयोग्य है, लेकिन अब इसकी वास्तविक नियुक्ति, क्षेत्रवार तैनाती और निरीक्षण परिणामों की सार्वजनिक जानकारी भी सामने आनी चाहिए। साथियों बात अगर हम रेलवे से लेकर छात्रवृत्ति और पर्यावरण तक:कैग की दूसरी रिपोर्टें भी चेतावनी दे रही हैं इसको समझने की करें तो बीआईएस की निगरानी में सामने आई कमियों को किसी एक विभाग की अलग- थलग प्रशासनिक समस्या मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पिछले कुछ समय में कैग की विभिन्न रिपोर्टों में अनेक क्षेत्रों में मानकों, नियमों और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित गंभीर कमियां सामने आई हैं ।पहला उदाहरण भारतीय रेलवे का है। कैग की रिपोर्ट संख्या 31, वर्ष 2026, 12 अगस्त 2026 को संसद में प्रस्तुत की गई। इसमें देश के 16 रेलवे जोनों के 512 गैर-उपनगरीय रेलवे स्टेशनों का परीक्षण किया गया। इनमें से 458 स्टेशन, अर्थात 89 प्रतिशत से अधिक, न्यूनतम आवश्यक यात्री सुविधाओं के एक या अधिक मानकों पर खरे नहीं उतरे ।पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, प्लेटफॉर्म शेड,पंखे और अन्य सुविधाओं में कमियां पाई गईं। इतना ही नहीं, 2019-20 से 2023- 24 के बीच जांचे गए 395 यात्री सुविधा कार्यों में 59 प्रतिशत कार्य निर्धारित समय से विलंबित पाए गए। पेयजल के नमूनों में ई-कोलाई सहित बैक्टीरिया की मौजूदगी और पानी की गुणवत्ता जांच में कमियां भी दर्ज की गईं।

कर्मों का प्रतिघातन

उदय कशोर साह

कविता



दूजों के घर आग जो, लगा रहे दिन-रात।
प्रकृति चुकाती ब्याज से, कर्मों का प्रतिघात॥
औरों के आँगन में जो, बोते काँटे रोज।
उनके हिस्से भी कहाँ, खिलते सुख के भोज॥

परपीड़ा के बीज से, उगते नहीं गुलाब।
कर्म लौटकर एक दिन, देते स्वयं हिसाब॥
दूजों की बस्ती जला, जो समझे खुद वीर।
वक्त उसी के द्वार पर, लिखता नई लकीर॥

जो दूजों के घाव पर, छिड़कें हैं अंगार।
समय उन्हीं के द्वार पर, करता लौट प्रहार॥
प्रकृति न लेती पक्ष है, रखती सबका लेख।
जैसा बोया कर्म है, वैसा मिलता देख॥

दूजों की खुशियाँ जला, जो पाते संतोष।
वक्त उन्हीं के भाग्य में, लिखता अपना रोष॥
आग लगाकर दूसरों, हँसते जो दिन-रात।
कालिख उनके द्वार पर, लिखती उनकी बात॥

कर्म किसी के भी कभी, जाते नहीं निठार।
लौट हवाओं संग वे, करते हैं प्रतिकार॥
जो बोते हैं द्वेष को, पाते वही संताप।
प्रकृति सभी के कर्म का, रखती सदा हिसाब॥

'धर्मनिष्ठ सत्ता' और जहरीले पानी में धर्मावलम्बी?



निर्मल रानी
लेखिका

स्विट्ज़रलैंड की वायु गुणवत्ता निगरानी संस्था अ१ क्द की 2026 में जारी हुई वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली दुनिया का चौथा सबसे प्रदूषित शहर और लगातार आठवें वर्ष विश्व की सबसे प्रदूषित राजधानी रही। नवंबर 2026 के दूसरे सप्ताह विशेषकर 7 नवंबर और 13-16 नवंबर के दौरान अ१ क्द की लाइव रैंकिंग में दिल्ली कई बार लाहौर, कोलकाता और ढाका को पीछे छोड़कर दुनिया का प्रथम सबसे प्रदूषित प्रमुख शहर बन गया। इस दौरान केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों में दिल्ली का औसत अदक400 के पार अर्थात 'गंभीर' श्रेणी तक पहुंच गया, जबकि दिल्ली यूनिवर्सिटी और आईटीओ जैसे कुछ इलाकों में यह 450 से ऊपर दर्ज किया गया।और इसी घोर प्रदूषित राजधानी में गत दिनों उत्तर भारत विशेषकर बिहार का सर्वाधिक लोकप्रिय धार्मिक व सामाजिक त्यौहार छठ मनाया गया। वर्तमान में केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम तीनों ही स्तरों पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। गोया दिल्ली में 'ट्रिपल इंजन की सरकार' चल रही है। नवंबर 2026 में छठ महापर्व के आयोजन को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली सरकार ने दिल्ली वासियों खासकर छठ पूजा हेतु श्रद्धालुओं को साफ यमुना जल उपलब्ध कराने, दिल्ली के 1,400 से अधिक घाटों के निर्माण और अभूतपूर्व नागरिक सुविधाओं के बड़े दावे किए थे। सरकार का मुख्य जोर इस बात पर था कि इस वर्ष श्रद्धालुओं को बिना किसी गंदिगी या जहरीले झाग के, भव्य रूप से पूजा करने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने छठ पूजा से ठीक पहले यह भी दावा किया था कि बीजेपी सरकार की तैयारियों के तहत यमुना का पानी साफ है और इसमें कोई गंदगी या झाग नहीं है।

उन्होंने कहा था कि इस बार व्रती महिलाएं स्वच्छ यमुना जल में ही सूर्य देव को अर्घ्य देंगी। दिल्ली सरकार ने यह भी दावा किया था कि यमुना नदी के पानी को पूरी तरह से पर्यावरण के



अनुकूल (इको-फ्रेंडली) उपचारित किया जा रहा है, जिससे पानी या जलीय जीवों पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा। सरकार ने राजधानी भर में लगभग 1,482 छठ घाट तैयार करने का दावा किया था जो पिछले वर्ष के 1,326 घाटों की तुलना में अधिक थे। सभी बुनियादी तैयारियां 6 नवंबर 2026 तक पूरी करने के निर्देश दिए गए थे

त्तरी दिल्ली में आउटर रिंग रोड से इंद्रलोक तक मुनक नहर के दोनों किनारों पर लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से 11 किलोमीटर लंबा भव्य छठ घाट बनाने और उसमें साफ पानी छोड़ने का दावा किया गया था। सरकार ने सभी घाटों पर स्वच्छता, निर्बाध बिजली, रोशनी, पीने के पानी, मोबाइल शौचालय, चेंजिंग रूम और चिकित्सा सुविधाओं के पुख़्ता प्रबंध किये जाने का दावा भी किया था। परन्तु नए कृत्रिम या नहर घाटों के निर्माण के मोर्चे पर तो सरकार अपने कई दावों को पूरा करने में कुछ हद तक सफल जरूर रही परन्तु यमुना नदी को 'पूरी तरह साफ और झाग-मुक्त' बनाने का उसका सबसे प्रमुख दावा जमीनी स्तर पर पूरा नहीं हो सका। गौरतलब है कि सरकार ने दावा किया था कि छठ पूजा के दौरान इस बार यमुना नदी में जहरीला सफेद झाग नहीं दिखेगा। 15 और 16 नवंबर 2026 को छठ पूजा के संध्या और उषा अर्घ्य के दौरान कालिंदी कुंज सहित यमुना के कई हिस्सों में श्रद्धालु कमर तक गहरे पानी और सफेद झाग की मोटी परतों के बीच पूजा करते नजर आए। दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने स्वयं स्वीकार किया कि कालिंदी कुंज के बड़े हिस्सों में झाग तैरता हुआ दिखाई दिया। नदी में बिना उपचारित सीवर के पानी, औद्योगिक कचरे और डिटर्जेंट के मिलने से पानी की सतह पर इसतरह का जहरीला सफेद झाग बनता है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के आंकड़ों के हवाले से बताया गया कि यमुना के प्रमुख घाटों का पानी नहाने योग्य मानकों पर खरा नहीं उतरा। हद तो यह कि छठ से ठीक पहले वजीराबाद और सोनिया विहार के पास नदी में बड़ी संख्या में मरी हुई मछलियां मिलने और काले व प्रदूषित पानी की तस्वीरों ने 'स्वच्छ यमुना जल' के दावों पर और भी गंभीर सवाल खड़े कर दिये। शालीमार बाग के कुछ हिस्सों, कई रिहायशी घाटों व कुछ स्थानीय इलाकों में सफाई की भारी कमी, प्लास्टिक के कचरे और अपर्याप्त रोशनी को लेकर स्थानीय लोगों ने शिकायतें दर्ज कराईं ।परन्तु श्रद्धालुओं के जहरीले पानी में डुबकी लगाने पर अफसोस जताने या इस दुर्व्यवस्था के लिये सरकार की जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाये मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कई घाटों पर छठ पर्व को भव्य बनाने के लिए प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा और सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि पिछली आप सरकार ने यमुना किनारे छठ पूजा पर प्रतिबंध लगाया था, जबकि वर्तमान बीजेपी सरकार ने 1,400 से अधिक घाटों पर 'रेड कार्पेट' बिछाकर भव्य इंतजाम किए। बीजेपी ने यह भी दावा किया कि उनकी सरकार ने पिछले डेढ़ से दो वर्षों में यमुना नदी का आधे से अधिक हिस्सा साफ कर दिया है, जो काम कांग्रेस और आप दशकों में नहीं कर पाईं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

गढ़ गंगा और तिगरी मेले को जोड़ने वाले पीपा पुल का जिलाधिकारी-एसपी ने किया निरीक्षण

पुल की मजबूती, बैरिकेडिंग और प्रकाश व्यवस्था का लिया जायजा, ओवरलोडिंग रोकने के निर्देश

वेलकम इंडिया/हरेंद्र शर्मा



हापुड़। गढ़ गंगा कार्तिक पूर्णिमा मेला एवं तिगरी मेले के बीच श्रद्धालुओं का आवागमन सुगम बनाने के लिए बनाए जा रहे पीपा (पैंटून) पुल का जिलाधिकारी कविता मीना, पुलिस अधीक्षक मधुबन कुमार सिंह और मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने पुल के निर्माण कार्य की प्रगति, मजबूती और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्य की स्थिति और श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी कविता मीना ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि पुल का निर्माण निर्धारित समयसीमा में और तय मानकों के अनुरूप पूरा किया जाए। उन्होंने बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था तथा आवागमन को सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि पुल पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए गोताखोरों और एनडीआरएफ की टीम की भी तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पुल पर ओवरलोडिंग पूरी तरह रोकने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि पीपा पुल तैयार होने से गढ़ गंगा और तिगरी मेले के बीच श्रद्धालुओं का आवागमन आसान होगा। दोनों मेलों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है और व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गढ़मुक्तेश्वर में भैंसा गाड़ी को दौड़ाने के लिए फायर करने के मामले में कार्रवाई करते हुए चार युवकों को गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/हरेंद्र शर्मा



हापुड़। जनपद के थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने थार जोंगा गाड़ी पर सवार होकर भैंसा गाड़ी को दौड़ाने के लिए फायर करने के मामले में कार्रवाई करते हुए चार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कपड़े से घटना में इस्तेमाल थार जोंगा गाड़ी भी बरामद की है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम अरुण पुत्र वीरू राणा, आर्यन उर्फ गुल्लू पुत्र महिपाल निवासीगढ़ मोहिउद्दीनपुर थाना प्रतापपुर जनपद मेरठ, आर्यन नेहरा पुत्र विजय सिंह नेहरा निवासी गवडी थाना परतापपुर, मेरठ और राजू उर्फ उदय चौधरी पुत्र अजीत सिंह निवासी पतला निवाड़ी थाना निवाड़ी जनपद गाजियाबाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार किए गए अरुण के खिलाफ दो, आर्यन के खिलाफ दो, गुल्लू के खिलाफ दो, राजू उर्फ उदय चौधरी के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से थार गाड़ी और घटना में इस्तेमाल जोंगा जीप बरामद की है। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुई जिसमें थार जोंगा गाड़ी पर सवार चार युवकों में से एक युवक पिस्टल निकालकर भैंसा गाड़ी पर फायर कर दौड़ाने के लिए धमकता हुआ नजर आ रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया और मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की जिसके बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

संत रविदास आश्रम में समरसता संगोष्ठी एवं सत्संग का आयोजन

वेलकम इंडिया/राजीव मोंगरा



सहारनपुर। हिन्दू जागरण मंच सहारनपुर एवं सतगुरु रविदास विद्वत सभा के संयुक्त तत्वावधान में 18 नवंबर को सतगुरु रविदास आश्रम चमारीखेड़ा में समरसता संगोष्ठी एवं सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न रविदासी संतों ने सतगुरु रविदास जी महाराज की वाणी और उनके उपदेशों का विस्तार से वर्णन करते हुए साध संगत को निहाल किया। इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच पश्चिम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ठाकुर सूर्यकांत सिंह ने उपस्थित साध संगत एवं जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि संत शिरोमणि सतगुरु रविदास जी महाराज 15वीं सदी के महान संत, कवि एवं समाज सुधारक थे। उन्होंने जातिगत भेदभाव का विरोध करते हुए समाज में समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने धार्मिक आडंबरों से दूर रहकर हृदय की पवित्रता और सच्ची भक्ति को ही धर्म का वास्तविक आधार बताया। उनका प्रसिद्ध संदेश श्मन चंगा तो कठौती में गंगाश आज भी मनुष्य को आंतरिक शुद्धता और सद्भाव की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी की शिक्षाओं में जाति, वर्ण और कुल के भेदभाव से ऊपर उठकर भक्ति करने का संदेश मिलता है। उनकी वाणी श्कामी क्रोधी लालची इनसे भक्ति न होय, भक्ति करे सोई सूरमा जाति वर्ण कुल खोयश का मूल भाव यही है कि सच्ची भक्ति के लिए मनुष्य को विकारों और सामाजिक भेदभाव से मुक्त होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी ने श्मिले सभी को अन्नश के विचार के माध्यम से अंत्योदय की भावना प्रस्तुत की। वहीं बेगमपुरा राज्य की कल्पना के जरिए शोषणमुक्त, भयमुक्त और पापरहित समाज की परिकल्पना सामने रखी। आज आवश्यकता है कि हम उनके विचारों और शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करें। सतगुरु रविदास आश्रम चमारीखेड़ा के प्रबंधक महंत राजकुमार दास ने भी संगत को संबोधित करते हुए गुरु रविदास जी की शिक्षाओं पर चलने तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारा बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संत रोशनी दास, संत भूपेंद्र दास, संत मांगेदास, संतोष दास, संत आशादास, पलविंदर रविदासी, पुष्पेंद्र रविदासी सहित अनेक संत एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी सहभागिता की। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

निजी कंपनियों की मनमानी से सफाई कर्मचारियों में आक्रोश, डीएम से लगाई न्याय की गुहार

वेलकम इंडिया/राजीव मोंगरा



सहारनपुर। नगर निगम सहारनपुर में सफाई व्यवस्था का ठेका संभाल रही दो निजी कंपनियों की कार्यप्रणाली को लेकर सफाई कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय संयुक्त सफाई कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मामले में हस्तक्षेप कर उचित कार्रवाई की मांग की है। संघ ने आरोप लगाया कि निजी कंपनियां कर्मचारियों के हितों की अनदेखी कर मनमाने तरीके से काम करा रही हैं और शासनादेशों के बावजूद उन्हें निर्धारित सुविधाओं का लाभ नहीं दिया जा रहा है।

संघ की ओर से दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि नगर निगम सहारनपुर में सफाई कार्य के लिए दो निजी कंपनियों को ठेका दिया गया है, जिनकी नीतियां कर्मचारी विरोधी हैं। संघ के अनुसार 19 जून 2026 को कार्यकारिणी समिति की बैठक में प्रस्ताव संख्या 88 के तहत महीने में चार दिन का अवकाश और पांच लाख रुपये का जीवन बीमा देने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया था, लेकिन निजी कंपनियां इन दोनों सुविधाओं का लाभ कर्मचारियों को देने से साफ मना कर रही हैं।

ज्ञापन में कहा गया कि सफाई का कार्य आकस्मिक एवं आवश्यक सेवाओं की श्रेणी में आता है। इसके बावजूद कर्मचारियों से निर्धारित आठ घंटे के स्थान पर 12 से 14 घंटे तक काम कराया जा रहा है। संघ ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों के कार्य के अनुरूप सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। वहीं एक कंपनी द्वारा कर्मचारियों से काम कराने के बदले मात्र सात हजार रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जा रहा है, जिसे शासनादेश का उल्लंघन बताया गया है। संघ ने कहा कि किसी भी कर्मचारी को शासनादेश में निर्धारित वेतन से कम भुगतान करना गंभीर मामला है। इसके अतिरिक्त संघ ने सहारनपुर में आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा दो सितंबर 2026 को आउटसोर्स सेवा निगम का गठन एवं लोकार्पण किया गया था। इसमें कर्मचारी भर्ती के दौरान विधवा एवं असहाय लोगों को प्राथमिकता दिए जाने का प्रावधान बताया गया है, लेकिन सहारनपुर में भर्ती प्रक्रिया के दौरान इस प्रावधान की पूरी तरह अनदेखी किए जाने का आरोप लगाया गया है। उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय संयुक्त सफाई कर्मचारी संघ ने जिलाधिकारी से दोनों निजी कंपनियों की कार्यप्रणाली की जांच कराने, कर्मचारियों को शासनादेश के अनुरूप वेतन एवं अन्य सुविधाएं दिलाने तथा आउटसोर्स भर्ती में विधवा एवं असहाय लोगों को प्राथमिकता देने के प्रावधान का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष सोमचन्द्र वाल्मीकि, कार्यकारी अध्यक्ष देवदत्त चौहान, प्रदेश महामंत्री नरेश कुमार खिलोर सहित संघ के अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर चलती ट्रक में लगी भीषण आग



सहारनपुर (वेलकम इंडिया)। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर 18 नवंबर को थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक ट्रक अचानक आग की लपटों में घिर गया। ट्रक में आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की देवबंद टीम तत्काल मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। जानकारी के अनुसार, दोपहर 12:04 बजे फायर स्टेशन देवबंद को ट्रक में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही फायर सर्विस यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हो गई। मौके पर पहुंचने पर वाहन संख्या एचपी 71 ए 7675 में आग लगी मिली। सीएफओ की उपस्थिति में अग्निशमन कर्मियों ने एमएफई की सहायता से पंपिंग करते हुए आग बुझाने का अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। अग्निशमन विभाग और पुलिस की मुस्तैदी से एक बड़ा हादसा टल गया। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग बुझने के बाद मौके पर स्थिति सामान्य हो गई।

राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल करेंगी 20 को जनसुनवाई और निरीक्षण

वेलकम इंडिया/हरेंद्र शर्मा

हापुड़। जनपद में सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल उ0प्र0 राज्य महिला आयोग, उत्तर प्रदेश का आयोजित महिला जनसुनवाई कार्यक्रम दिनांक 20 नवंबर 2026 को आयोजित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा महिलाओं के लोक कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के सम्बंध में सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के साथ दिनांक 20 नवंबर 2026 को प्रातः 11:00 बजे मेरठ रोड स्थित सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस हापुड़ में जनसुनवाई आहूत होनी प्रस्तावित है, इसके उपरान्त सदस्य के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गढ़ रोड हापुड़ एवं गढ़ गंगा कार्तिक पूर्णिमा मेले का निरीक्षण भी किया जाना प्रस्तावित है। विभाग द्वारा निवेदन किया गया है कि महिला सम्बंधित प्रकरणों की जनसुनवाई हेतु अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का अभियान तेज, गढ़मुक्तेश्वर में 19 और बहादुरगढ़ में एक बुग्गी सीज

वेलकम इंडिया/हरेंद्र शर्मा



हापुड़। जनपद के गढ़ गंगा कार्तिक मेला-2026 में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और मेला व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने भैंसा दौड़ कराने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भैंसा दौड़ में शामिल कुल 20 बुग्गियों को हिरासत में लेकर सीज कर दिया। इस कार्रवाई से भैंसा दौड़ कराने वालों में खलबली मच गई।पुलिस की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने अभियान के तहत भैंसा दौड़ करने वाली 19 बुग्गियों को पकड़कर सीज किया, जबकि थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने एक बुग्गी के खिलाफ कार्रवाई की। इस तरह दोनों थानों की पुलिस ने कुल 20 बुग्गियों को सीज किया है।गढ़ गंगा मेले में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में भैंसा दौड़ जैसी गतिविधियों से श्रद्धालुओं की आवाजाही प्रभावित होने के साथ ही अव्यवस्था की आशंका बनी रहती है। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए अभियान तेज कर दिया है। पुलिस का उद्देश्य मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना और यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखना है। हापुड़ पुलिस ने श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों से अपील की है कि मेले के दौरान भैंसा दौड़ या किसी भी तरह की अराजक गतिविधि में शामिल न हों। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मेले की सुरक्षा और व्यवस्था से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा।

नाबालिग से दुष्कर्म और बहलाकर ले जाने के मामले में वांछित आरोपी अमन कश्यप गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता

सहारनपुर। सदर बाजार थाना पुलिस ने नाबालिग को बहलाकर ले जाने और उसके साथ बार-बार शारीरिक शोषण किए जाने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को विश्वकर्मा चौक के पास टपरी रोड से दबोचा। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस के अनुसार, 17 नवंबर 2026 को पीड़िता की मां ने थाना सदर बाजार में लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया था कि अमन और खुशी नामक आरोपियों ने उसकी नाबालिग पुत्री को बहलाकर अपने साथ ले गए थे। शिकायत में अमन पर नाबालिग के साथ बार-बार शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2), 61(2), 64(2)(एम) तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 5एल/6 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक नेमचंद सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुटी थी। बुधवार 18 नवंबर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने विश्वकर्मा चौक के पास टपरी रोड से आरोपी अमन कश्यप पुत्र रविंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी मूल रूप से गांव पठानपुरा थाना बेहट का निवासी है और वर्तमान में मोहल्ला हिम्मतनगर, पेपर मिल रोड स्थित मस्जिद वाली गली में रह रहा था। पुलिस आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर रही है।

बागेश्वर सरकार ने निहारी राजा भैया के राजभवन की सुंदरता, हौदेश्वरनाथ धाम में किए दर्शन

विजय द्विवेदी/वेलकम इंडिया



प्रतापगढ़। कुंडा स्थित बेंती राजभवन में आयोजित चार दिवसीय श्रीराम कथा के दौरान बुधवार की सुबह आध्यात्मिक आस्था, प्राकृतिक सौंदर्य और सनातन संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। श्रीराम कथा के लिए पहुंचे बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री सुबह की सैर पर निकले। इस दौरान उन्होंने जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के ऐतिहासिक राजभवन परिसर, तालाबों और हरे-भरे बागानों का भ्रमण किया। इसके बाद वह प्रसिद्ध हौदेश्वरनाथ धाम पहुंचे और मां गंगा के पावन तट पर स्नान-पूजन कर भगवान शिव का विधि-विधान से रुद्राभिषेक किया। सुबह के शांत और आध्यात्मिक वातावरण में बागेश्वर सरकार ने राजभवन परिसर की प्राकृतिक सुंदरता को करीब से निहारा। राजभवन परिसर में स्थित तालाबों, हरियाली और बाग-बगीचों की खूबसूरती ने उनका ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने परिसर की ऐतिहासिक और प्राकृतिक विशेषताओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान अयोध्या स्थित हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास भी उनके साथ मौजूद रहे।

राजभवन से निकलकर बागेश्वर सरकार हौदेश्वरनाथ धाम पहुंचे। यहां उन्होंने धाम की धार्मिक महत्ता और पौराणिक मान्यताओं के बारे में जानकारी ली। इसके पश्चात मां गंगा के पवित्र तट पर पहुंचकर स्नान किया और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर विधिवत पूजन-अर्चन किया। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। बागेश्वर सरकार की इस आध्यात्मिक यात्रा में प्रकृति के प्रति आकर्षण के साथ सनातन परंपराओं के प्रति उनकी श्रद्धा भी दिखाई दी।

श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस से पूर्व बेंती राजभवन में सनातन एकता और सामाजिक समरसता का एक और भावपूर्ण दृश्य देखने को मिला। बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री और राजा भैया की उपस्थिति में पाकिस्तान से भारत आए हिंदू शरणार्थी परिवारों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा हवन में सहभागिता की। इस धार्मिक आयोजन में विधायक उमेश शर्मा, दीप सिंह राणा तथा राजा भैया के विदेश से आए अतिथि भी मौजूद रहे। आयोजन में पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी परिवारों को विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानपूर्वक शामिल कराया गया। हवन अनुष्ठान से पहले सभी परिवारों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। उनके माथे पर तिलक लगाया गया और हाथों में कलावा बांधकर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता के लिए सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी परिवारों को अलग-अलग यज्ञ कुंडों में बैठाया गया। स्वस्तिवाचन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजन-अर्चन शुरू हुआ। इसके पश्चात बागेश्वर सरकार और राजा भैया की मौजूदगी में पाकिस्तानी हिंदू परिवारों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा की चौपाइयों का पाठ किया और यज्ञ कुंडों में आहुतियां अर्पित कर बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा। पाकिस्तान से भारत आए हिंदू परिवारों के लिए यह आयोजन विशेष महत्व वाला रहा। बड़े धार्मिक आयोजन में उन्हें जिस आत्मीयता और सम्मान के साथ शामिल किया गया, उससे उनके चेहरों पर प्रसन्नता और उत्साह दिखाई दिया। परिवारों ने इस आयोजन को अपने लिए यादगार बताते हुए आयोजक राजा भैया के प्रति आभार जताया। साथ ही बागेश्वर सरकार से आशीर्वाद प्राप्त कर सनातन संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

पश्चिमी यूपी में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने निकाली न्याय यात्रा, विधानसभा चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

वेलकम इंडिया/राजीव मोंगरा



सहारनपुर। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना और अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने की मांग को लेकर बुधवार को सहारनपुर में अधिवक्ताओं ने न्याय यात्रा निकाली। सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के महासचिव पालम राणा के नेतृत्व में न्याय यात्रा का शुभारंभ सिविल कोर्ट परिसर से हुआ। इसमें हाईकोर्ट बेंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश के चेयरमैन अनुज कुमार शर्मा, संयोजक प्रवेज आलम सहित कई सौ अधिवक्ताओं ने भाग लिया। न्याय यात्रा सिविल कोर्ट से शुरू होकर कोर्ट रोड होते हुए घंटाघर पहुंची। यहां महासचिव पालम राणा सहित अन्य अधिवक्ताओं ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद न्याय यात्रा आगे बढ़ते हुए सिविल कोर्ट चौक पहुंची, जहां महासचिव पालम राणा ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सहारनपुर को सौंपा। इस दौरान संघर्ष समिति के चेयरमैन अनुज कुमार शर्मा, संयोजक प्रवेज आलम और सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के महासचिव पालम राणा ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर अधिवक्ता पिछले करीब 45 वर्षों से लगातार आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शीघ्र हाईकोर्ट बेंच की स्थापना नहीं की गई तो आगामी विधानसभा चुनाव में अधिवक्ता मतदान का बहिष्कार करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में अधिवक्ताओं की हत्या, लूटपाट और मारपीट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में अधिवक्ताओं को सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम तत्काल लागू किया जाना चाहिए। इस मांग को लेकर अधिवक्ता लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं और पूर्व में भी शासन को ज्ञापन दिए जा चुके हैं।

बी.एस.ए. कॉलेज में जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन, पाँच विधाओं में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

वेलकम इंडिया संवाददाता



मथुरा। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, मथुरा द्वारा बी.एस.ए. कॉलेज में जनपद स्तरीय युवा उत्सव-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माननीय सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा एवं बी.एस.ए. कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. ललित मोहन शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर आयोजन समिति की सदस्य श्रीमती श्वेता केसरी भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत किया गया तथा उन्हें स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए। युवा उत्सव में सामूहिक लोकगीत, सामूहिक लोकनृत्य, नुक्कड़ नाटक, कविता लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने लोकगीत एवं लोकनृत्य के माध्यम से सांस्कृतिक परम्पराओं की प्रस्तुति दी। वहीं नुक्कड़ नाटक, कविता लेखन और पेंटिंग के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा एवं विचारों को अभिव्यक्त किया।

निर्णायक मण्डल के मूल्यांकन के अनुसार सामूहिक लोकगीत में कामिनी शर्मा, सामूहिक लोकनृत्य में अक्षरा श्रीवास्तव, उप निदेशक, युवा कल्याण, आगरा मण्डल, आगरा तथा बी.एस.ए. कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. ललित मोहन शर्मा द्वारा पुरस्कृत एवं उनकी टीम, नुक्कड़ नाटक में संस्कृति यूनिवर्सिटी, छाता, मथुरा के छात्रों, कविता लेखन में लक्ष्मीनारायण तथा पेंटिंग में खुशी कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को माननीय सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, विवेक चन्द्र कुलश्रेष्ठ, नरेन्द्र सिंह एवं अर्जुन कंसाना ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग के अरुण रावल का भी सहयोग रहा।

राष्ट्र निर्माण में इंदिरा गांधी का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा: प्रवीण चन्द्र पाण्डेय

भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती पर प्रवीण चन्द्र पाण्डेय ने अर्पित की श्रद्धांजलि, उनके साहस, नेतृत्व और राष्ट्रसेवा को किया

वेलकम इंडिया संवाददाता



संतकबीरनगर। भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय ने उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रवीण चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी भारतीय राजनीति के इतिहास की एक सशक्त, साहसी और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता थीं। उन्होंने अपने दृढ़ संकल्प, अदम्य इच्छाशक्ति और कुशल नेतृत्व से देश को नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका संपूर्ण जीवन देश की एकता, अखंडता और विकास के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी ने विषम परिस्थितियों में भी साहस और दृढ़ता के साथ देश का नेतृत्व किया। उनके कार्यकाल में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय भारतीय इतिहास में विशेष स्थान रखते हैं। देश के प्रति उनका समर्पण, नेतृत्व क्षमता और संघर्षशील व्यक्तित्व आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। प्रवीण चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि भारत की राजनीति और राष्ट्र निर्माण में श्रीमती इंदिरा गांधी का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने अपने व्यक्तित्व और कार्यों से भारतीय महिलाओं के लिए भी राजनीति और नेतृत्व के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोले। प्रवीण चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि देश की महान विभूति श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम राष्ट्र की एकता, अखंडता, सामाजिक सद्भाव और देश के विकास के लिए पूरी निष्ठा के साथ अपना योगदान दें।

यात्रियों की सुविधा के लिये रूट डाइवर्जन



संतकबीरनगर (वेलकम इंडिया)। अयोध्या मेले में चल रहे पंचकोसी परिक्रमा के अंतर्गत श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसके लिये प्रशासन ने मगहर के नेशनल हाइवे स्थित दुगार्मंदिर चौराहे व पुलिस चौकी के निकट सेमरा बाईपास पर बड़े वाहनों के रुट का मंगलवार की शाम से डाइवर्जन कर दिया है ।डाइवर्जन होने से बड़े वाहन नेशनल हाइवे स्थित दुर्गा मंदिर से बांसी होते हुये डुमरियागंज के रास्ते सीधे लखनऊ निकल रहे हैं। गौरतलब हो कि अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा चलरहे है ।ऐसे में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लग रही है। जिसमें अयोध्या मेले में जारही श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुये नेशनल हाइवे के विभिन्न जगहों पर बड़े वाहनों को रोककर उसके रुट को बदल दिया गया है ।जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की तकलीफ न होने पाये। चौकी इंचार्ज गजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मगहर के हाइवे स्थित दुर्गा मंदिर व पुलिस चौकी के निकट सेमरा बाईपास पर पिछले मंगलवार की देर शाम से ही रुट डाइवर्जन किया गया है ।हाइवे पर बैरियर लगा दिये गये हैं। जिससे सभी बड़े वाहनों को छोड़कर छोटे वाहन आसानी से अपने गंतव्य स्थान को आ जासकें। इसके मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टि से हाइवे पर पुलिस बराबर गश्त कर रही है। इसमें ट्रैफिक पुलिस की बराबर सहभागिता है। इस मौके पर दीवान करमचंद चौधरी, सिपाही अरमान खान, कृष्णा कुमार, अनिल यादव, अजीत कुशवाहा आदि मुस्तैद रहे।

सिंचाई, खाद और निराश्रित गोवंश की समस्याओं पर भड़का भाकियू चढूनी, गढ़सौली में की बैठक

अघोषित बिजली कटौती से रबी की फसल की सिंचाई प्रभावित, नहर बंबा में पानी नहीं, यूरिया की दिक्कत

वेलकम इंडिया संवाददाता



मथुरा/बलदेव। किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) की एक महत्वपूर्ण बैठक बलदेव विकासखंड के गांव गढ़सौली में आयोजित की गई। बैठक के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने किसानों की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर कड़ा रोष जताया।

बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन सिंह पहलवान और आगरा मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने कहा कि वर्तमान में रबी की फसल की सिंचाई का महत्वपूर्ण समय चल रहा है, लेकिन बिजली विभाग की अघोषित कटौती के कारण किसान अपने खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को न तो पर्याप्त बिजली मिल रही है और न ही सिंचाई के लिए नहरों व बंबायों में पानी छोड़ा गया है, जिससे किसानों को परेशानी हो रही है। किसान नेताओं ने खाद की किल्लत का मुद्दा उठाते हुए कहा कि क्षेत्र में किसानों को समय पर यूरिया नहीं मिल पा रहा है। निजी दुकानदार किसानों को गुमराह कर रहे है। आर्थिक शोषण हो रहा है। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र में घूम रहे निराश्रित गोवंश और जंगली सूअर किसानों की खून-पसीने से तैयार की गई फसलों को लगातार बर्बाद कर रहे हैं। संबंधित विभागों के जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं। यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, नहरों व बंबायों में तत्काल पानी छोड़ा जाए, यूरिया की सहज उपलब्धता कराई जाए तथा निराश्रित गोवंश व जंगली सूअरों से फसलों की सुरक्षा के ठोस इंतजाम किए जाएं। संगठन विस्तार करते हुए दीनदयाल शर्मा को जिला मंत्री मनोनीत किया गया। बैठक में सोनवीर सिंह तोमर, भुल्ली सिंह, मान सिंह, बच्चू सिंह, हंसलाल आदि मौजूद रहे।

रेजांगला के वीर सैनिकों को नमन किया

अडींग में दीपदान, पुष्पांजलि अर्पित कर दी वीरांजलि



मथुरा (वेलकम इंडिया)। 1962 के भारत चीन युद्ध में वीर अहीर सैनिकों को गांव अडींग में वीरांजली दी गई। रेजांगला के युद्ध में दुश्मन सैनिकों का काल बने यादव महा नायकों की याद में 114 दीपक जलाकर पुष्प अर्पित किए। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा महिला ईकाई की जिलाध्यक्ष पूनम यादव के आह्वान पर समाज की मातृशक्ति ने रेजांगला के रणबांकुरों के जय घोष किए। कार्यक्रम में समाज के बड़े बुजुर्गों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में चंद्रवती, पर्वती, नीलम, विजय रानी ,सरोज, उर्मिला, कुशमा, मछला, विक्रम, दीपक, लेखी, पांची, महेश, बाली, गोपाल, मोही, कार्तिक, गजेन्द्र आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की।

नेत्र चिकित्सा शिविर में 528 मरीजों की जांच



वेलकम इंडिया संवाददाता

मथुरा/गोवर्धन। जतीपुरा स्थित सीताराम धर्मशाला जापान वाली में आयोजित 25वें विशाल निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में बुधवार को दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। चिकित्सकों की टीम ने अब तक 528 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया, जिनमें 311 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया गया है। श्रीनाथ जी धर्मार्थ सेवा सोसाइटी, फरीदाबाद के सौजन्य और कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, मथुरा के संयोजन में आयोजित शिविर में मरीजों को जांच, उपचार, ऑपरेशन और लेंस प्रत्यारोपण की सुविधाएं निशुल्क दी जा रही हैं। सोसाइटी अध्यक्ष जगदीश लाल भाटिया और पंकज पारिक ने कहा कि जरूरतमंदों की आंखों की रोशनी लौटाना सबसे बड़ा मानवीय सेवा कार्य है। वहीं महासचिव सुनील शर्मा ने कहा कि आर्थिक अभाव में किसी भी नेत्र रोगी को उपचार से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। जनसंपर्क अधिकारी आरके वर्मा ने बताया कि शिविर 21 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह नौ से दोपहर तीन बजे तक चलेगा। ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा ले जाकर निशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे। मरीजों के भोजन, आवास, दवाइयों और देखभाल की व्यवस्था भी संस्था द्वारा की जाएगी। इस दौरान प्रबंधक एमपी शेखावत, राम सनेही, सोनू सहित आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

तहसीलदार महावन ने सचिन पवार ने कराई स्वगणना

वेलकम इंडिया संवाददाता



मथुरा/महावन। भारत की जनगणना-2027 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक संचालित ऑनलाइन स्व-गणना, सेल्फ एन्यूमरेशन अभियान के क्रम में महावन क्षेत्र के तहसीलदार सचिन पंवार ने बुधवार को स्वयं अपनी स्व-गणना कराकर अभियान में सहभागिता की तथा क्षेत्रवासियों के समक्ष जागरूकता और जिम्मेदार नागरिकता का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। उनकी स्व-गणना की प्रक्रिया फील्ड ट्रेनर करमवीर सिंह और योगेंद्र द्वारा संपन्न कराई गई। इस अवसर पर तहसीलदार सचिन पंवार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक स्व-गणना की प्रक्रिया चलेगी। आम नागरिक घर बैठे ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे अपने परिवार की जानकारी। इस स्व-गणना के लिए आधिकारिक पोर्टल https://se.census.gov.in जारी किया गया है। उन्होंने स्व-गणना में अधिक से अधिक लोगों से स्वगणना करने का आवाहन किया। तहसीलदार श्री पवार ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि प्रदेश के भविष्य की विकास योजनाओं का मजबूत आधार है। सटीक जनगणना से ही समाज के हर वर्ग तक योजनाओं का प्रभावी लाभ पहुँचाने और विकास की सही दिशा तय करने में मदद मिलती है।

गंगेरू में विधिक जागरूकता शिविर, छात्र-छात्राओं को संविधान और कानून की दी गई जानकारी

अपर जिला न्यायाधीश नवीन कुमार ने संविधान के महत्व पर किया मार्गदर्शन


वेलकम इंडिया/मोहसिन रहमानी



कांधला। विकासखंड क्षेत्र के गांव गंगेरू स्थित राजकीय कन्या हाईस्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अपर जिला न्यायाधीश नवीन कुमार ने छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान के महत्व, मौलिक अधिकारों और नागरिकों के कर्तव्यों के बारे में जानकारी देते हुए मार्गदर्शन किया।इस दौरान काउंसिल एडवोकेट आलोक चौहान और एडवोकेट तरुण मित्तल ने बच्चों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों, पॉक्सो एक्ट तथा बाल अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कानून के प्रति जागरूक रहने, अपने अधिकारों को समझने और किसी भी प्रकार के शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में बिना डर उचित सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।अपर जिला न्यायाधीश नवीन कुमार ने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को अधिकार प्रदान करने के साथ-साथ समाज और देश के प्रति जिम्मेदारियों का बोध भी कराता है। बच्चों को बचपन से ही संविधान और कानून की जानकारी होना जरूरी है, ताकि वे जागरूक नागरिक बन सकें और अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक एवं कानूनी जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया।शिविर में एडवोकेट नीरज चौहान, रवि कुमार, पीएलवी चैनपाल फौजी, प्रधानाचार्य विक्रांत कुमार खेड़ा कुर्तान, विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। प्रधानाचार्य ललिता, अध्यापिका रेखा रानी और राहुल सहित आदि मौजूद रहे।

ऑनलाइन ठगी में खाते से 50,300 रुपये निकाले, पीड़ित ने पुलिस से लगाई गुहार

वेलकम इंडिया/मोहसिन रहमानी



कांधला। कस्बे के एक व्यक्ति के बैंक खाते से बिना जानकारी के ऑनलाइन यूपीआई के माध्यम से हजारों रुपये निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने साइबर ठगी की शिकायत पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। साइबर पुलिस ने पीड़ित को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए आरोपी ठग की तलाश शुरू कर दी है। बुधवार को कस्बा निवासी तहसील ने बताया कि विगत 13 नवंबर को दोपहर करीब 3:26 बजे से शाम 4:10 बजे के बीच उसके बैंक खाते से कई यूपीआई लेनदेन किए गए। शिकायत के मुताबिक, अलग-अलग खातों में कुल 50,300 रुपये ट्रांसफर किए गए। इनमें से 9,800 रुपये वापस खाते में जमा हुए, जबकि 40,500 रुपये की आर्थिक क्षति हुई। पीड़ित का कहना है कि उसने किसी को अपना यूपीआई पिन, ओटीपी या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी नहीं दी और न ही स्वयं कोई लेनदेन किया। बैंक से संपर्क करने पर भी उसे संतोषजनक जवाब नहीं मिला। पीड़ित ने पुलिस को बैंक स्टेटमेंट सहित शिकायत देकर ठगी की रकम वापस दिलाने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मतदाता जागरूकता अभियान में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

स्वीप कोऑर्डिनेटर शुचि खंडेलवाल ने युवाओं को मतदान का महत्व समझाकर लोकतंत्र में भागीदारी के लिए किया प्रेरित

वेलकम इंडिया संवाददाता



मथुरा/अडीग। विधानसभा गोवर्धन क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय कन्या इंटर कॉलेज अडीग में मतदाता जन जागरूकता अभियान के तहत क्विज एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गोवर्धन और अडीग क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर लोकतंत्र, संविधान और मतदान प्रक्रिया से जुड़े विषयों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों एवं शिक्षकों का पटका पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। प्रतियोगिताओं में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज अडीग, राजकीय भारतीय इंटर कॉलेज अडीग, दीनदयाल इंटर कॉलेज अडीग, आदर्श जनता इंटर कॉलेज अडीग, डीएवी इंटर कॉलेज गोवर्धन, राजकीय हाईस्कूल बछगांव तथा दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कॉलेज पाडल के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर विधानसभा गोवर्धन की स्वीप कोऑर्डिनेटर शुचि खंडेलवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जागरूक और जिम्मेदार मतदाता बनना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। एक-एक वोट लोकतंत्र को मजबूत बनाने के साथ देश और समाज की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से स्वयं मतदान के प्रति जागरूक रहने और अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का मंच संचालन अंकित अग्रवाल ने किया। उन्होंने अपने संबोधन के माध्यम से युवाओं को लोकतंत्र के महापर्व में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों को स्वल्पाहार वितरित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश दिया गया।

पत्नी और उसके प्रेमी पर बच्चों से मारपीट का आरोप, पिता ने थाने में दी तहरीर



वेलकम इंडिया/मोहसिन रहमानी

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव किवाना निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी पर घर में मौजूद दो बच्चों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।थाना क्षेत्र के गांव किवाना निवासी तैय्यब ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी के एक व्यक्ति के साथ कथित प्रेम संबंध हैं। आरोप है कि वह किसी काम से घर से बाहर गया हुआ था। इस दौरान घर पर उसके दोनों बच्चे मौजूद थे। आरोप है कि तभी उसकी पत्नी और उसके प्रेमी ने दोनों बच्चों हसन व अली के साथ बेरहमी से मारपीट की। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित रब ने सालों से जानकारी दी तो उन्होंने भी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है।पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की और पत्नी व उसके प्रेमी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित को जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

भगवान बिरसा मुंडा महान जननायक थेः सांसद पाल

भाजपा कार्यालय में जनजाति गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा जयन्ती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई

वेलकम इंडिया/असदुल्लाह सिद्दीकी





सिद्धार्थनगर। भाजपा कार्यालय पर बुधवार को जनजाति सप्ताह के अन्तर्गत क्रान्ति सूर्य, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की जयन्ती एवं जनजाति गौरव दिवस श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामू गोंड ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल जी रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद जगदम्बिका पाल ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष, साहस और देश के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा भारतीय इतिहास के महान जननायक थे, जिन्होंने जनजातीय समाज के अधिकारों, स्वाभिमान, संस्कृति और स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका जीवन हमें अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने, अपनी संस्कृति और परम्पराओं को संरक्षित रखने तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास देश की सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है और भगवान बिरसा मुंडा का आदर्श सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र गोंड ने किया, जबकि जिलाध्यक्ष रामू गोंड ने आये हुए लोगों का स्वागत कर बिरसा मुंडा जयन्ती पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर भाजपा जनजाति मोर्चा के के जिला महामंत्री फूलचन्द जायसवाल, मीडिया प्रभारी रमेश मणि, मोहित गोंड जिला महामंत्री, सबलू साहनी, महेन्द्र लोधी, राजेश दूबे, रवि गोंड जिला महामंत्री, पप्पू गोंड, जिला महामंत्री हिन्दू वाहिनी के जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता, सुग्रीम गोंड, दीपचन्द गोंड, लहर गोंड, कृपा शंकर उपाध्याय, बालगोविन्द गोंड, रामफल मौर्य, सतेन्द्र यादव, रामू मौर्य प्रधान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। उपस्थित लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन एवं विचारों को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने और जनजातीय समाज के सम्मान, उत्थान एवं गौरव को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। वहीं कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

छह दिसंबर को लखनऊ की श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में शामिल होगा मुस्लिम समाजः शमीम अहमद

वेलकम इंडिया/असदुल्लाह सिद्दीकी



सिद्धार्थनगर। बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में बांसी विधानसभा क्षेत्र में मुस्लिम भाईचारा कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में छह दिसंबर को लखनऊ में होने वाली विशाल श्रद्धांजलि सभा को सफल बनाने और उसमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। इस दौरान जनपद सिद्धार्थनगर से बड़ी संख्या में लोगों को लखनऊ ले जाने की तैयारियों पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बसपा के जिला संयोजक शमीम अहमद ने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के दिशा-निर्देश पर छह दिसंबर को लखनऊ में विशाल श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जा रही है। इसमें सिद्धार्थनगर जनपद से हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में मुस्लिम समाज की बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके लिए बसों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि लखनऊ जाने वाले लोगों की सूची उनके मोबाइल नंबर सहित तैयार कर लें, ताकि यात्रा की व्यवस्था सुचारु रूप से की जा सके। बैठक की अध्यक्षता कर रहे विधानसभा संयोजक मुस्लिम भाईचारा कमेटी विनोद कुमार राव ने कहा कि बांसी विधानसभा क्षेत्र से भी मुस्लिम समाज के सैकड़ों लोग श्रद्धांजलि सभा में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकताओं और जिम्मेदार लोगों को मिलकर प्रयास करना होगा। बैठक में इस्लाम अली, बरकत अली, जमील अहमद, तुफैल अहमद, फखरुद्दीन, तैय्यब अली, रियासत हुसैन, खुर्शीद अहमद सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

पुरानी पेंशन बहाली व अन्य मांगों को लेकर बीएसए कार्यालय पर विशाल धरना





वेलकम इंडिया/असदुल्लाह सिद्दीकी

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर बुधवार को बीएसए कार्यालय परिसर शिक्षकों की हुंकार से गूंज उठा। पुरानी पेंशन बहाली समेत विभिन्न लम्बित मांगों को लेकर शिक्षकों ने एक दिवसीय विशाल धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अन्त में मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने कहा कि एक अप्रैल 2005 या उसके पश्चात नियुक्त शिक्षकों के लिए नई पेंशन प्रणाली को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परिप्रेक्ष्य में पूर्व चयनित शिक्षकों पर से टीईटी अनिवार्यता के पूर्वगामी प्रभाव को समाप्त करने के लिए विधानसभा से प्रस्ताव पारित कर केन्द्र सरकार को भेजा जाए। उन्होंने कहा कि सभी मांगें जायज हैं और सरकार को मांगों को मान लेनी चाहिए। वक्ताओं ने शिक्षकों के शैक्षिक प्रमाण पत्रों की एसटीएफ जांच रोकने, पदोन्नति की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने, वर्ष 2020 में नियुक्त शिक्षकों की ब्रिज कोर्स परीक्षा से 50 प्रतिशत न्यूनतम उत्तीर्णांक की सीमा को समाप्त करने, अन्तर्जनपदीय व पारस्परिक स्थानान्तरण प्रक्रिया को पूरा करने, 12 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान का लाभ देने सहित अन्य मांगों पर चर्चा की गई। इसके अलावा विद्यालयों में द्वितीय शनिवार का अवकाश और उपार्जित अवकाश अनुमन्य करने, प्रत्येक विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति करने, मृतक शिक्षकों के बीएड और टीईटी योग्यताधारी आश्रितों को सीधे शिक्षक पद पर नियुक्ति देने की मांग की गई। जिला मंत्री योगेंद्र पांडेय ने धरने को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कहा कि अपने अधिकारों और हक की लड़ाई के लिए हम सभी को एकजुट रहना होगा। आज का यह धरना शिक्षकों की एकता और ताकत का प्रमाण है। यदि समय रहते मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जायेगा। कार्यक्रम के अन्त में तहसीलदार सदर अखिलेश पाण्डेय को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया। वहीं विकास चन्द्र मिश्रा, शिव प्रसाद चौधरी, वैभव श्रीवास्तव, दिनेश सिंह, अवधेश यादव, इन्द्रसेन सिंह, सन्तोष अग्रहरि, जावेद आलम और लालजी यादव ने भी धरने को सम्बोधित किया। धरने में पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

सीमावर्ती गांव बेल्हा में एसएसबी ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

करीब 60 मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण, ग्रामीणों से संवाद कर विकास और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

वेलकम इंडिया संवाददाता



पूरनपुर/पीलीभीत। भारत- नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के साथ ही सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ग्रामीणों के स्वास्थ्य और सामाजिक विकास को लेकर भी लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में 49वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल पीलीभीत की ओर से बुधवार को सीमावर्ती ग्राम पंचायत बेल्हा के बहुउद्देशीय पंचायत भवन में मेडिकल सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत निशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 60 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श और स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए गए। कार्यक्रम में डीआईजी अनिल कुमार शर्मा, 49वीं वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट दीपक शाही तथा महिला चिकित्सक डॉ. सौम्या टी. प्रमुख रूप से मौजूद रहीं। चिकित्सा टीम ने शिविर में पहुंचे महिला, पुरुष, बुजुर्गों और बच्चों का बारी-बारी से स्वास्थ्य परीक्षण किया। मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें उचित चिकित्सकीय सलाह दी गई। सीमावर्ती गांव में ही निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होने से ग्रामीणों को काफी राहत मिली। उन्हें स्वास्थ्य जांच के लिए दूर-दराज के अस्पतालों तक जाने की जरूरत नहीं पड़ी। स्वास्थ्य शिविर के साथ ही एसएसबी अधिकारियों ने ग्राम प्रधानों और स्थानीय ग्रामीणों के साथ समन्वय बैठक भी की। बैठक में सीमावर्ती क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं, विकास कार्यों और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं और सुझावों को सुना तथा सुरक्षा बल और आम नागरिकों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने पर जोर दिया। उन्होंने आपसी विश्वास, सहयोग और संवाद को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। कार्यक्रम में ग्रामीण हरवंश सिंह, पंचायत सहायक शमशेर सिंह, कुलवंत सिंह, गुरदयाल सिंह, छिंदर सिंह और अमरीक सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। एसएसबी की इस पहल से ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला।

स्थानीय लोगों ने सीमावर्ती क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एसएसबी अधिकारियों और चिकित्सा टीम की सराहना की। ग्रामीणों का कहना था कि इस तरह के शिविरों से जरूरतमंद लोगों को गांव में ही स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलता है। एसएसबी की यह पहल दशार्ती है कि सीमा की सुरक्षा के साथ-साथ सीमावर्ती गांवों के लोगों के स्वास्थ्य, सामाजिक विकास और जनकल्याण को भी प्राथमिकता दी जा रही है। ऐसे आयोजनों से सुरक्षा बल और ग्रामीणों के बीच विश्वास की डोर मजबूत होने के साथ क्षेत्र में सहयोग और सौहार्द का वातावरण भी तैयार होता है।

गुरुदेव की पुण्यतिथि पर संतों के चरणों में झुके श्रद्धालु

विधायक बाबूराम पासवान ने पुष्पांजलि अर्पित कर लिया आशीर्वाद

वेलकम इंडिया संवाददाता



पूरनपुर/पीलीभीत। नगर स्थित पावन श्रीराम जानकी मंदिर में गोलोकवासी परम पूज्य श्री श्री 1008 महंत बाबा रणछोड़ दास महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर आठवें विशाल पूज्य संत सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। संत बाबा राघव दास महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित इस आध्यात्मिक समागम में दूर-दराज से पहुंचे साधु-संतों ने सहभागिता कर श्रद्धालुओं को धर्म, अध्यात्म और सदाचार का संदेश दिया। कार्यक्रम में भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने पहुंचकर गोलोकवासी गुरुदेव महंत बाबा रणछोड़ दास महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान उन्होंने संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक को सम्मेलन के मंच से अपने विचार रखने का अवसर भी मिला। उन्होंने दूर-दराज से आए पूज्य संतों के दर्शन कर उनका मंगलमय आशीर्वाद प्राप्त किया। सम्मेलन में संतों के सानिध्य से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया। श्रद्धालुओं ने संतों के दर्शन कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य गुरुदेव की स्मृतियों को नमन करने के साथ ही उनके आध्यात्मिक आदर्शों और विचारों को समाज तक पहुंचाना रहा। इस अवसर पर संतों ने अपने प्रवचनों के माध्यम से धर्म, सत्य, सेवा, सद्भाव और मानव कल्याण के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संतों का सानिध्य मनुष्य के जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। संतों के विचार और आशीर्वाद समाज में संस्कार, एकता और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आठवें विशाल संत सम्मेलन के आयोजन से श्रीराम जानकी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का विशेष माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने गुरुदेव की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का हुआ संगठनात्मक विस्तार

जितेंद्र गुप्ता बने अध्यक्ष, हरगोविन्द बाजपेई को महामंत्री की जिम्मेदारी



पूरनपुर/पीलीभीत (वेलकम इंडिया)। नगर में व्यापारियों को संगठित करने और उनके हितों की आवाज को मजबूती देने की दिशा में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने संगठनात्मक विस्तार करते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया। संगठन के आधिकारिक विस्तार के साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इसको लेकर व्यापारियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। संगठन के विस्तार के दौरान जितेंद्र गुप्ता को नगर अध्यक्ष तथा हरगोविन्द बाजपेई को नगर महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं अनुज गुप्ता को युवा नगराध्यक्ष और हरिओम पांडे को नगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई गई। इस अवसर पर संगठन से जुड़े लोगों ने कहा कि व्यापारियों की एकजुटता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। संगठन का उद्देश्य केवल पदों का विस्तार करना नहीं, बल्कि नगर के छोटे-बड़े व्यापारियों को एक मंच पर लाकर उनके अधिकारों, सम्मान और हितों की रक्षा करना है। व्यापारियों को आने वाली समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने और उनके निराकरण के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।

तेज रफ्तार पोषाहार वाहन ने तोड़ा प्राथमिक विद्यालय का मुख्य गेट

वेलकम इंडिया संवाददाता



पूरनपुर/पीलीभीत। ब्लॉक पूरनपुर के ग्राम खीरी नौबरामद स्थित प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार पहुंचाने गई एक गाड़ी अनियंत्रित होकर विद्यालय के मुख्य द्वार से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि विद्यालय का मुख्य गेट पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर टूट गया। गनीमत रही कि हादसे के समय कोई बच्चा गेट के पास मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र का पोषाहार लेकर एक वाहन खीरी नौबरामद के प्राथमिक विद्यालय पहुंचा था। आरोप है कि वाहन चालक ने विद्यालय परिसर के मुख्य द्वार के पास तेज गति से गाड़ी चलाते हुए नियंत्रण खो दिया और वाहन सीधे गेट से जा टकराया। टक्कर की तेज आवाज सुनकर विद्यालय में मौजूद शिक्षक और बच्चे सहम गए। कुछ देर के लिए परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे में विद्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार पूरी तरह टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के दौरान विद्यालय में बच्चे मौजूद थे। ऐसे में यदि कोई बच्चा गेट के आसपास होता तो गंभीर हादसा हो सकता था। गनीमत रही कि सभी बच्चे सुरक्षित बच गए। घटना के बाद विद्यालय की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। मामले की जानकारी विद्यालय के इंचार्ज शिक्षक लक्ष्मीनारायण ने फोन के माध्यम से खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग कुमार मिश्रा को दी। उन्होंने मामले में आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। वहीं, घटना की सूचना मिलने पर पोषाहार वितरण का कार्य देख रहे ठेकेदार ने भी मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त मुख्य गेट को ठीक कराने का आश्वासन दिया। फिलहाल विद्यालय का मुख्य गेट टूटने से सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई है। ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय में छोटे-छोटे बच्चे पढ़ने आते हैं, इसलिए वाहनों की आवाजाही के दौरान विशेष सावधानी बरती जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा न हो।

पूर्वांचल में आधुनिक शिक्षा की नई पहल, डॉ0 चन्द्रेश खोलने जा रहे हैं बुद्धा इन्टरनेशनल स्कूल

सिद्धार्थनगर महाराजगंज, गोरखपुर, बस्ती, बलरामपुर और बहराइच के योग्य शिक्षकों के लिए सुनहरा अवसर

वेलकम इंडिया/असदुल्लाह सिद्दीकी



सिद्धार्थनगर। पूर्वांचल और तराई क्षेत्र के शैक्षणिक परिदृश्य को एक नई दिशा देने के उद्देश्य से प्रख्यात ऑथोपेडिक डॉ0 चन्द्रेश कुमार उपाध्याय एक अत्याधुनिक शिक्षण संस्थान 'बुद्धा इन्टरनेशनल स्कूल' की स्थापना करने जा रहे हैं। वहीं डा0 चन्द्रेश द्वारा मीडिया में बताया कि इस महत्वाकांक्षी शैक्षणिक प्रोजेक्ट के संचालन के लिए योग्य और अनुभवी शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है। जिसके क्रम में आगामी 06 दिसम्बर 2026 को विद्यालय परिसर में एक भव्य शिक्षक साक्षात्कार (इन्टरव्यू) का आयोजन किया गया है। वहीं बुद्धा इन्टरनेशनल स्कूल प्रबन्धन की ओर से 06 जिलों के आमंत्रण शिक्षकों को जारी सूचना के मुताबिक, 06 दिसम्बर 2026 को होने वाले इस साक्षात्कार में पूर्वांचल और देवीपाटन मण्डल के प्रमुख जिलों में सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, गोरखपुर, बस्ती, बलरामपुर और बहराइच के इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया है। वहीं बुद्धा इन्टरनेशनल स्कूल प्रबन्धन का मानना है कि इन जिलों के अनुभवी और ऊजार्वान शिक्षक संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। आपको बता दें कि 'बुद्धा इन्टरनेशनल स्कूल' की स्थापना के पीछे लोकप्रिय डॉ0 चन्द्रेश कुमार उपाध्याय की एक स्पष्ट और दूरदर्शी सोच है। उनका मुख्य उद्देश्य तराई और पूर्वांचल के बच्चों को बड़े महानगरों की तर्ज पर आधुनिक, संस्कारयुक्त और रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराना है। डॉ0 चन्द्रेश उपाध्याय ने बताया कि प्रतिभा केवल बड़े शहरों तक सीमित न होकर ग्रामीण और कस्बाई परिवेश के बच्चों को सही मंच, आधुनिक तकनीक और योग्य मार्गदर्शन मिले, तो वे बच्चे राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस संस्थान का लक्ष्य किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना और उनमें नैतिक मूल्यों को विकसित करने सहित उन्हें भविष्य की वैश्विक चुनौतियों के लिए तैयार करना है, ताकि स्थानीय अभिभावकों को अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए बाहर न भेजना पड़े। इसके साथ ही विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि चयन प्रक्रिया में योग्य और अनुभवी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवारों से निर्धारित तिथि पर अपने शैक्षिक प्रमाणपत्रों और आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने की अपील की गई है, ताकि पूर्वांचल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विस्तार को नई गति मिल सके।

शैलेन्द्र गुप्ता को विश्वस्तरीय सम्मेलन का आमंत्रण, पूरनपुर का बढ़ा मान

35 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के बीच रखेंगे नगर विकास का पक्ष

वेलकम इंडिया/मीनू बरकाती



पूरनपुर/पीलीभीत। नगर के विकास की गूंज अब अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचने जा रही है। नगर पालिका परिषद पूरनपुर के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता को मुंबई में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित तीसरे विश्व महापौर मंच एवं सातवें एशियाई नगर सम्मेलन में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया है। आगामी 25 और 26 नवंबर को होने वाले इस विश्वस्तरीय आयोजन में आमंत्रण मिलना पूरनपुर के लिए बड़ी उपलब्धि और गौरव का विषय बन गया है। इस आमंत्रण की सबसे खास बात यह है कि उत्तर प्रदेश के समस्त नगर निगमों और नगर पालिका परिषदों के जनप्रतिनिधियों में से केवल सात महापौरों और अध्यक्षों को ही इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए चुना गया है। इन सात चुनिंदा जनप्रतिनिधियों में पूरनपुर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता का नाम शामिल होना नगर के लिए विशेष सम्मान की बात है। अखिल भारतीय स्थानीय स्वशासन संस्थान की ओर से भेजे गए आमंत्रण ने पूरनपुर को वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया है। इस सम्मेलन में 35 से अधिक देशों के महापौर, नगर निकायों के अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, नीति निमार्ता और नगरीय विकास के विशेषज्ञ एक मंच पर जुटेंगे। यहां शहरों के विकास की नई संभावनाओं, स्थानीय स्वशासन को मजबूत बनाने, स्वच्छता व्यवस्था, कूड़ा प्रबंधन, आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में पूरनपुर में विकास कार्यों को गति देने, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करने, स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और नागरिकों को सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे समय में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आमंत्रण मिलना उनके लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सम्मेलन में उन्हें दुनिया के विभिन्न देशों के शहरों में अपनाई जा रही आधुनिक विकास योजनाओं, नई तकनीकों और बेहतर नगर प्रबंधन की व्यवस्थाओं को करीब से समझने का अवसर मिलेगा। इस सहभागिता का लाभ पूरनपुर के भविष्य के विकास की योजनाओं को बेहतर बनाने में मिल सकता है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय मंच पर छोटे शहरों की समस्याओं, जरूरतों और विकास की संभावनाओं को भी प्रमुखता से रखने का अवसर मिलेगा। प्रदेश के हजारों नगर निकायों के बीच केवल सात चुनिंदा अध्यक्षों में पूरनपुर को स्थान मिलना इस उपलब्धि को और खास बनाता है। शैलेन्द्र गुप्ता के इस आमंत्रण से नगर की पहचान को नई ऊंचाई मिलने की उम्मीद है। अब पूरनपुर का नाम देश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा का हिस्सा बनने जा रहा है।

फर्जी खाद्य अधिकारी बनकर वसूली, चार गिरफ्तार

मिलावट की शिकायत और सैंपलिंग का डर दिखाकर मांगे थे 10 हजार रुपये, दुकानदार से वसूले दो हजार; पीसीएस स्टीकर लगी कार सीज

वेलकम इंडिया संवाददाता



बरेली। सरकारी अधिकारी होने का रौब दिखाकर दुकानदारों से रुपये ऐंठने का मामला आंवला में सामने आया है। खाद्य सुरक्षा विभाग का अधिकारी बनकर मिठाई की दुकान पर पहुंचे चार लोगों ने मिलावट की शिकायत और नमूने लेने की कार्रवाई का डर दिखाया। आरोप है कि दुकानदार से 10 हजार रुपये मांगे गए और दबाव बनाकर दो हजार रुपये वसूल लिए गए। हालांकि, दुकानदार को उनकी गतिविधियों पर शक हो गया। उसने राहगीरों की मदद से चारों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना 17 नवंबर की बताई जा रही है। आंवला निवासी अजय कुमार गुप्ता की मिठाई की दुकान पर सफेद रंग की अर्टिगा कार से चार लोग पहुंचे थे। कार पर पीसीएस का स्टीकर लगा था और उसमें हूटर व सायरन भी लगे हुए थे। आरोपियों ने खुद को खाद्य विभाग का अधिकारी बताते हुए दुकान में मिलावटी मिठाई बेचे जाने की शिकायत मिलने की बात कही। इसके बाद नमूने भरने और कानूनी कार्रवाई का डर दिखाकर कथित तौर पर रुपये मांगे। दुकानदार को चारों की गतिविधियों और बातचीत पर संदेह हुआ। उसने आसपास मौजूद लोगों को जानकारी दी। इसके बाद राहगीरों की मदद से चारों को कार समेत रोक लिया गया और रामनगर पुलिस चौकी को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में राजीव उपाध्याय (75), निवासी सर्वोदय नगर, सुभाषनगर शामिल हैं। वह पूर्व में तहसीलदार रह चुके हैं। उनके साथ मुकेश यादव (40), सुनीत कुमार उपाध्याय (45) और रजनेश (28) को भी गिरफ्तार किया गया है। तीनों बरेली के अलग-अलग इलाकों के निवासी बताए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, मुकेश यादव के खिलाफ पहले से हत्या, हत्या के प्रयास, बलवा, शस्त्र अधिनियम और गैंगस्टर अधिनियम समेत विभिन्न मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2023 और 2025 में भी उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में मामले दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दुकानदार से वसूले गए दो हजार रुपये, तीन मोबाइल फोन और दो आधार कार्ड बरामद किए हैं। घटना में इस्तेमाल की गई अर्टिगा कार को भी सीज कर दिया गया है। कार पर लगा पीसीएस स्टीकर और हूटर-सायरन भी पुलिस ने कब्जे में ले लिए हैं। पीड़ित की लिखित शिकायत पर आंवला थाने में मुकदमा दर्ज कर चारों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया है। सरकारी विभागों के नाम और अधिकारियों की पहचान का इस्तेमाल कर आम लोगों को डराकर वसूली करने के इस मामले ने एक बार फिर फर्जी अधिकारियों से सतर्क रहने की जरूरत को सामने ला दिया है। ऐसी स्थिति में किसी भी व्यक्ति के अधिकारी होने के दावे पर भरोसा करने से पहले उसका पहचान पत्र और विभागीय परिचय जांचना जरूरी है। संदेह होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देनी चाहिए।

किसानों की समस्याओं को लेकर दो ज्ञापन सौंपे, 15 दिन का अल्टीमेटम



वेलकम इंडिया संवाददाता

बुलन्दशहर। किसान दिवस में चौधरी कुलदीप गुड्डू के नेतृत्व में किसानों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री के नाम दो ज्ञापन अपर जिलाधिकारी अभिषेक कुमार को सौंपे। ज्ञापन में गन्ने का भाव 500 रुपये प्रति कुंतल करने, बकाया भुगतान, समय पर गन्ना पर्चियां जारी करने, सिंभावली चीनी मिल चालू कराने, आवारा पशुओं को गौशाला भेजने तथा गांवों में बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त कराने की मांग की गई। साथ ही अग्निवीर योजना समाप्त करने और पश्चिमी यूपी में हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने की मांग भी उठाई गई। किसानों ने 15 दिन में समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। एडीएम ने समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी और किसान मौजूद रहे।

14 वर्षीय किशोर से यौन शोषण का आरोप, डेयरी संचालक गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता



बरेली। बारादरी थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय किशोर के साथ यौन शोषण का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित के पिता की शिकायत पर पुलिस ने पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बुधवार को नामजद आरोपी शिवम उर्फ कल्लू को संजयनगर पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी शहर छोड़कर भागने की फिराक में था। पुलिस के अनुसार, 15 नवंबर को पीड़ित के पिता ने बारादरी थाने पहुंचकर शिकायत दी थी। आरोप है कि गोपालनगर निवासी शिवम उर्फ कल्लू पुत्र सोमपाल किशोर को बहलाकर अपनी डेयरी पर ले गया, जहां उसके साथ गलत काम किया गया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस को बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी संजयनगर पेट्रोल पंप के पास मौजूद है और शहर से बाहर जाने की तैयारी कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना से जुड़ी बातों को स्वीकार किया है। उसने बताया कि घटना के समय वह नशे में था। हालांकि, मामले में अंतिम निष्कर्ष जांच और न्यायिक प्रक्रिया के आधार पर ही तय होगा। विवेचना के दौरान पुलिस ने शिकायतकर्ता और गवाहों के बयान दर्ज किए। घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ उपलब्ध साक्ष्यों की भी जांच की गई। पुलिस के अनुसार, जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर मुकदमे में पॉक्सो अधिनियम की धाराएं बढ़ाई गई हैं। इस कार्रवाई में बारादरी थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह, जोगीनवादा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सतेन्द्र चौहान और हेड कांस्टेबल सुमित कुमार शामिल रहे। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। मामले की विवेचना जारी है।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 10 साल की कैद

वेलकम इंडिया संवाददाता

बुलंदशहर। डिबाई क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में दोषी पाए गए आरोपी मेंहदी अली जैदी उर्फ शिराज को न्यायालय ने 10 वर्ष के कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने वर्ष 2024 में वादिया को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया था। मामले में 25 मई 2024 को डिबाई थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने 11 जुलाई 2024 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत मॉनीटरिंग सेल ने प्रभावी पैरवी की। इसके परिणामस्वरूप 18 नवंबर 2026 को एडीजे/एफटीसी-01 न्यायालय के न्यायाधीश शिवानंद ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष की कैद और पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

बरेली जंक्शन पर आरपीएफ की तत्परता से यात्री को मिला 2.65 लाख का सामान

टॉयलेट जाने के दौरान बेंच के पास छूटा था ट्रॉली बैग, सीसीटीवी फुटेज की मदद से प्लेटफार्म नंबर चार पर मिला

वेलकम इंडिया संवाददाता



बरेली। रेलवे स्टेशन पर यात्री की छोटी-सी चूक के बावजूद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की सतर्कता से उसे बड़ी राहत मिल गई। टॉयलेट जाने के दौरान बेंच के पास रखा यात्री का ट्रॉली बैग अचानक गायब हो गया। बैग में करीब 2.65 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और कपड़े रखे हुए थे। यात्री की शिकायत मिलते ही आरपीएफ ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की और कुछ ही देर में बैग तलाश लिया। सामान सुरक्षित वापस मिलने पर यात्री ने आरपीएफ टीम का आभार जताया। जानकारी के मुताबिक, अमेठी निवासी 26 वर्षीय अनीश कुमार बुधवार सुबह दिल्ली जाने के लिए बरेली जंक्शन पहुंचे थे। टिकट लेने के बाद वह वेटिंग हॉल के पास बैठ गए। इसी दौरान उन्होंने अपना लाल रंग का ट्रॉली बैग बेंच के पास रखा और टॉयलेट चले गए। वापस लौटने पर बैग वहां नहीं मिला। उन्होंने स्टेशन परिसर में काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने आरपीएफ से शिकायत की। आरपीएफ निरीक्षक मयंक चौधरी के निर्देश पर उपनिरीक्षक मुरसलीम मलिक ने जवान सचिन और जीआरपी कांस्टेबल उपेंद्र कुमार के साथ बैग की तलाश शुरू की। टीम ने स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की। इस दौरान प्लेटफार्म नंबर चार पर शाहजहांपुर की ओर लाल रंग का बैग दिखाई दिया। यात्री को मौके पर बुलाकर बैग की पहचान कराई गई, जिसे उसने अपना बताया।

बैग में मिले सोने-चांदी के आभूषण और कपड़े

बैग खोलकर जांच की गई तो उसमें तीन सोने के मंगलसूत्र, लॉकेट, बालियां, चांदी की पायल, बिछुए, बच्चों की चेन और करीब 20 जोड़ी कपड़े मिले। आरपीएफ के मुताबिक, आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब 2.50 लाख रुपये और अन्य सामान की कीमत लगभग 15 हजार रुपये थी। इस तरह बैग में रखे कुल सामान की कीमत करीब 2.65 लाख रुपये आंकी गई। कीमती सामान सुरक्षित वापस मिलने पर अनीश कुमार ने आरपीएफ और जीआरपी की टीम का धन्यवाद किया। आरपीएफ की तत्परता और सीसीटीवी निगरानी की मदद से यात्री को उसका सामान वापस मिल सका। इस कार्रवाई ने एक बार फिर साबित किया कि रेलवे स्टेशन पर सतर्क निगरानी और समय पर की गई कार्रवाई यात्रियों के लिए कितनी मददगार साबित हो सकती है।

यातायात माह की समीक्षा बैठक में डीसीपी ट्रैफिक के सख्त निर्देश, नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

विद्यालयों में निबंध और कला प्रतियोगिताओं से बढ़ेगी जागरूकता, वाहनों पर लगवाई जाएगी रिफ्लेक्टर टेप





वेलकम इंडिया/मयूर खान

आगरा। यातायात माह-नवंबर 2026 के तहत शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से 18 नवंबर को यातायात पुलिस लाइन्स स्थित कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस उपायुक्त यातायात ज्ञानेन्द्र नाथ प्रसाद ने की। इसमें अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अलका और यातायात निरीक्षक मौजूद रहे। अधिकारियों ने यातायात माह के दौरान अब तक की गई कार्रवाई और जागरूकता अभियानों की समीक्षा करते हुए आगे की कार्ययोजना पर चर्चा की। बैठक में डीसीपी यातायात ने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान को और प्रभावी बनाया जाए। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के बीच निबंध एवं कला प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएं, जिससे बच्चों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी दी जा सके। साथ ही विभिन्न वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाने और वाहन चालकों को इसके महत्व के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। डीसीपी यातायात ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तनात्मक कार्रवाई की जाए। प्रमुख चौराहों, व्यस्त मार्गों और यातायात प्रभावित क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों की सक्रियता बढ़ाई जाए, ताकि जाम की स्थिति से बचा जा सके और आवागमन सुचारु बना रहे। अधिकारियों ने जागरूकता के साथ-साथ नियमों का पालन सुनिश्चित कराने पर भी विशेष जोर दिया। समीक्षा बैठक में यातायात माह के तहत चलाए जा रहे अभियानों को और गति देने तथा सड़क सुरक्षा में आमजन की भागीदारी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। इसके लिए लोगों को जागरूक करने के साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती भी बरती जाएगी।

खेत मालिक पर युवती को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का आरोप, दो दिन तक ट्यूबवेल में रखा बंद

पिता की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा; पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा

वेलकम इंडिया संवाददाता



स्याना। खानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत पर मजदूरी करने गई युवती के साथ दुष्कर्म करने और उसे दो दिन तक ट्यूबवेल में बंधक बनाकर रखने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मंगलवार, 17 नवंबर को मुकदमा दर्ज कर युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवती के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बेटी मजदूरी का काम करती है। बीते 13 नवंबर को सुबह करीब नौ बजे वह पड़ोस के गांव में एक व्यक्ति के खेत पर काम करने गई थी। आरोप है कि खेत मालिक ने काम के बहाने युवती को अपने पास बुलाया और खेत पर बने ट्यूबवेल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता का आरोप है कि आरोपी ने युवती को ट्यूबवेल के कमरे में बंद कर दिया और करीब दो दिनों तक उसे वहीं बंधक बनाए रखा। जब युवती घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान पिता खेत मालिक के पास पहुंचे, लेकिन उन्हें देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। इसके बाद पिता जब ट्यूबवेल पर पहुंचे तो बाहर से ताला लगा हुआ था। ताला खुलवाने पर युवती अंदर बंद मिली। घटना के बाद पीड़िता के पिता ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए खानपुर थाने में शिकायत दी। पुलिस पर दो दिन तक मुकदमा दर्ज नहीं करने का भी आरोप लगाया गया है। हालांकि खानपुर थाना प्रभारी अनु प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। मामले में पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

जीआईसी इंटर कॉलेज में छात्रों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक





वेलकम इंडिया/मयूर खान

आगरा। यातायात माह-2026 के तहत सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए यातायात पुलिस की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 18 नवंबर को डीसीपी यातायात ज्ञानेन्द्र नाथ प्रसाद के निर्देशन में यातायात निरीक्षक संजीव गौतम ने जीआईसी इंटर कॉलेज, आगरा में छात्र-छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा, यातायात संकेतों तथा सुरक्षित तरीके से सड़क पार करने के नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें यातायात नियमों का महत्व समझाते हुए सड़क पर सावधानी बरतने और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए। साथ ही उनसे स्वयं यातायात नियमों का पालन करने और अपने परिवारजनों एवं आसपास के लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील की गई। यातायात पुलिस ने आमजन से भी अपील की कि सड़क पर चलते समय यातायात नियमों की अनदेखी न करें और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने में अपना सहयोग दें।

मारपीट के छह आरोपियों को तीन-तीन साल की कैद

बुलंदशहर। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत बुलंदशहर पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते मारपीट के मामले में छह आरोपियों को न्यायालय ने तीन-तीन वर्ष के कारावास और प्रत्येक को 4500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला अगौता थाना क्षेत्र के गांव मानपुर का है। वर्ष 2024 में आरोपियों ने नवीन कुमार और उनके परिजनों के साथ मारपीट की थी। इस संबंध में 11 अगस्त 2024 को अगौता थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने विवेचना पूरी कर 9 अक्टूबर 2024 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत मॉनीटरिंग सेल ने मामले में प्रभावी पैरवी की। 18 नवंबर 2026 को एडीजे-14 न्यायालय के न्यायाधीश चंद्र विजय त्रिनेत्र ने दोष सिद्ध होने पर दीपक, सहदेव, अंकुर, मोनू, आकाश और महेंद्र को तीन-तीन साल की कैद व प्रत्येक को 4500 रुपये जुमार्ने से दंडित किया। अभियोजन पक्ष की ओर से योगेश शर्मा और आशुतोष सिंह ने पैरवी की।

श्री श्याम कृपा धाम मंदिर का डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने किया शिलान्यास

सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में हुए शामिल, अखिलेश यादव पर साधा निशाना

वेलकम इंडिया संवाददाता





बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक बुधवार को स्याना क्षेत्र के गांव अलीनगर पहुंचे। यहां उन्होंने श्री श्याम कृपा धाम मंदिर के भव्य निर्माण के लिए शिलान्यास एवं भूमि पूजन समारोह में हिस्सा लिया। साधु-संतों के सानिध्य में विधि-विधान के साथ मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, क्षेत्र के गणमान्य लोग और धमार्चार्य मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री ने मंदिर निर्माण को धार्मिक आस्था और सामाजिक एकजुटता से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य बताया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में भी शामिल हुए। उन्होंने कथा स्थल पर पहुंचकर बाबा खाटू श्याम से प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित साधु-संतों का आशीर्वाद लिया और श्रद्धालुओं से धार्मिक आयोजनों के माध्यम से सामाजिक सद्भाव तथा आपसी सहयोग को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को सनातन संस्कृति से कोई लेना-देना नहीं है। अयोध्या के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि कारसेवकों की हत्या के लिए अखिलेश यादव को पहले माफी मांगनी चाहिए। वहीं, मथुरा में औरंगजेब के निशान हटाने से जुड़े सवाल पर बृजेश पाठक ने कहा कि आक्रांताओं की पहचान के चिह्न समाप्त होने चाहिए, लेकिन यह काम न्यायिक प्रक्रिया के तहत ही किया जाना चाहिए। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उपमुख्यमंत्री ने दावा किया कि वर्ष 2027 में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने समाजवादी पार्टी के गठबंधन पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उसे एक बार फिर चुनाव में हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता का समर्थन भाजपा के साथ है और पार्टी विकास तथा जनकल्याण के मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में उतरेगी। मंदिर शिलान्यास और भूमि पूजन समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, साधु-संत और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने मंदिर निर्माण की शुरूआत पर प्रसन्नता जताई।

लघु उद्योग भारती, मोदीनगर इकाई के कोषाध्यक्ष का मामला पहुँचा मेरठ मंडल आयुक्त के समक्ष

अनिल वशिष्ठ



मोदीनगर (वेलकम इंडिया)। लघु उद्योग भारती, मोदीनगर इकाई द्वारा आज राम मनोहर लोहिया कॉलेज, मोदीनग में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में श्री उमेश सिंह, अपर आयुक्त (उद्योग), मेरठ/सहारनपुर मंडल का स्वागत किया गया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश, मंडल, जिला एवं विभिन्न स्थानीय इकाइयों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में क्षेत्र के उद्योगों की विभिन्न समस्याओं एवं प्रशासनिक विषयों पर चर्चा की गई। बैठक का प्रमुख विषय लघु उद्योग भारती, मोदीनगर इकाई के कोषाध्यक्ष यशवीर यादव एवं उनके पुत्र वैभव यादव के विरुद्ध दर्ज मामला रहा।

पदाधिकारियों ने बताया कि दीपावली के अवसर पर पटाखे चलाने को लेकर हुए पड़ोसी विवाद के बाद यशवीर यादव एवं उनके पुत्र के विरुद्ध एससी/एसटी एक्ट तथा भारतीय न्याय संहिता की कई अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। यशवीर यादव एवं उनके परिवार ने आरोपों को निराधार बताते हुए आशंका व्यक्त की है कि उन्हें एक सुनियोजित साजिश के तहत फँसाया जा रहा है। लघु उद्योग भारती के पदाधिकारियों ने मेरठ मंडल प्रशासन के समक्ष मामले की निष्पक्ष एवं साक्ष्य-आधारित जाँच कराने तथा आरोप निराधार पाए जाने पर मुकदमे को विधिसम्मत प्रक्रिया के अनुसार निरस्त कराने की माँग रखी।

बैठक में उद्योगों से संबंधित अन्य समस्याओं के समाधान तथा प्रशासन और उद्यमियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में प्रदेश सचिव राजकुमार शर्मा, संभाग कार्यकारिणी सदस्य अमित अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अमरीश गोयल, मंडल सचिव पंकज जैन, जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता अपनी टीम सहित, मोहन नगर इकाई के अध्यक्ष श्री मनोज भाटिया अपनी टीम सहित, दुहाई इकाई के अध्यक्ष सुनील त्यागी अपनी टीम सहित, मुरादनगर इकाई के अध्यक्ष श्री राजकुमार गर्ग अपनी टीम सहित, सिखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र इकाई के अध्यक्ष श्री हरिकिशन अग्रवाल अपनी टीम सहित, मोदीनगर इकाई के अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र कुमार गौतम एवं महामंत्री श्री प्रवीण चौधरी उपस्थित रहे। लघु उद्योग भारती ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन इस प्रकरण की निष्पक्ष जाँच सुनिश्चित करेगा तथा किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

ग्राम मुल्हेड़ा में राष्ट्रीय लोकदल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

संगठन की मजबूती पर हुआ विचार-विमर्श

वेलकम इंडिया संवाददाता



मेरठ। सिवाल खास विधानसभा के ग्राम मुल्हेड़ा में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुलदीप प्रधान ने की तथा संचालन रालोद के क्षेत्रीय सचिव रवि भारत चिकारा ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रालोद के पूर्व प्रदेश महासचिव रणवीर दहिया उपस्थित रहे। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच आपसी समन्वय बढ़ाने तथा पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर विनय कुमार जैन, दीपक ठाकुर, प्रदीप कश्यप, संदीप पारसी, ऋषिपाल सिंह, सौरभ बागरा, उपदेश राणा कालन्दी, नितिन सोम प्रधान कालन्दी, जगदीश प्रसाद, विसम्बर जाटव, वेदपाल जाटव एवं अंगेज सिंह जाटव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए संगठन की मजबूती एवं आपसी एकजुटता पर विशेष जोर दिया गया।

बहुजन स्वराज संकल्प महारैली को सफल बनाने के लिए दर्जनों गांव में की बैठक



वेलकम इंडिया संवाददाता

मोदीनगर। संविधान दिवस 26 नवंबर को लखनऊ के रमाबाई अम्बेडकर मैदान में प्रस्तावित आजाद समाज पार्टी की बहुजन स्वराज संकल्प महारैली को सफल बनाने के लिए आजाद समाज पार्टी के नेता मैदान में उतर पड़े हैं। क्षेत्र में धुंआ धार बैठक, दीवार लिखाई, हैंड बिल, पोस्टर के जरिये माहौल तैयार किया जा रहा है।

पार्टी के राष्ट्रीय कोर टीम सदस्य सत्यपाल चौधरी अपने पार्टी नेताओं प्रदेश महासचिव निजाम चौधरी, प्रदेश सचिव संजय जाटव, राहुल सहित दर्जनों नेताओं संग गांव गांव प्रचार में जुटे हैं। ए आई एम आई एम के अस्सूद्दीन ओवैसी के साथ चन्द्र शेखर के गठबंधन की घोषणा के बाद असपा नेताओं का कॉन्फिडेंस सिर चढ़ कर बोल रहा है. मोदीनगर क्षेत्र के गांव तलहेटा, सारा, पेंगा, रोरी सहित दर्जनों गावों में पार्टी नेताओं ने बैठक कर रैली में पहुँचने की अपील की।

रैली में पहुंचने के लिए गाजियाबाद जिले से बसों व कारो के 50 वाहन हायर किये गए हैं, लोगों को रेल मार्ग से भी पहुँचाने की क्वायद चल रही है. चन्द्र शेखर आजाद को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने की ओवैसी की घोषणा से दलित, पिछड़े और मुसलमान वर्ग में जबरदस्त जोश देखा जा रहा है।

दशमेश खालसा की मुहिम एक बार फिर हुई सफल, जनसहयोग से हुआ विपिन भाई का सफल ऑपरेशन: आशीष भूटानी

वेलकम इंडिया संवाददाता





मोदीनगर। समाज सेवा एवं मानवता के प्रति एक बार फिर अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए दशमेश खालसा परिवार द्वारा शुरू की गई मुहिम ₹विपिन भाई को बचाएं₹ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। समाज के दानवीर एवं नेकदिल सहयोगियों के सामूहिक प्रयास से विपिन भाई का ऑपरेशन सफलतापूर्वक करवा दिया गया। दशमेश खालसा के ट्रस्टी सेवादार विष्णु वर्मा ने बातचीत में बताया कि इस मुहिम के माध्यम से दशमेश खालसा परिवार ने एक बार फिर यह साबित किया कि जब समाज एकजुट होकर किसी जरूरतमंद की सहायता के लिए आगे आता है, तो बड़ी से बड़ी परेशानी का सामना भी किया जा सकता है। विपिन भाई के उपचार एवं ऑपरेशन में सहयोग करने वाले प्रत्येक व्यक्ति ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार योगदान देकर मानवता की एक सुंदर मिसाल पेश की है। विपिन भाई के परिवार द्वारा समस्त दशमेश परिवार को बहुत आशीर्वाद और दुआ दी गई। किसी परिवार के चेहरे पर मुस्कान लाने से और कठिन समय में साथ खड़े होने से बड़ी कोई सेवा नहीं। दशमेश खालसा परिवार की ओर से सभी सहयोगकताओं, दानवीर सज्जनों एवं प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से इस मुहिम से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति का हृदय से आभार व्यक्त किया गया। दशमेश खालसा परिवार का मानना है कि भगवान को हर जरूरतमंद की सहायता करने के लिए स्वयं धरती पर आने की आवश्यकता नहीं है। वह आप जैसे नेकदिल और दयालु इंसानों को इस धरती पर भेजते हैं, जो किसी की तकलीफ में उसका सहारा बनते हैं और किसी निराश परिवार के जीवन में उम्मीद की नई किरण जगाते हैं। दशमेश खालसा की सोच केवल सेवा करना नहीं, बल्कि समाज में ऐसी व्यवस्था और भावना विकसित करना है, जिसमें कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति स्वयं को अकेला महसूस न करे। संस्था का प्रयास है कि आर्थिक अभाव के कारण किसी बीमार व्यक्ति का इलाज न रुके और समाज का प्रत्येक सक्षम व्यक्ति जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आए। विपिन भाई के चेहरे पर लौटी मुस्कान और उनके परिवार को मिली राहत ही इस मुहिम की सबसे बड़ी सफलता है। दशमेश खालसा परिवार ने सभी से अपील की कि समाज हित के ऐसे कार्यों में अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहयोग करते रहें, क्योंकि आपका छोटा सा सहयोग भी किसी के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव ला सकता है। दशमेश परिवार का उद्देश्य सिर्फ जरूरतमंद तक पहुंचना नहीं, बल्कि उसकी जरूरत के समय उसका सहारा बनना है। क्योंकि किसी के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सच्ची सेवा है।

खराब मिठाई देने के आरोप में बाउंसर्स के साथ दुकान पहुंचा नीरज चौधरी, दुकानदार का कॉलर पकड़कर बाहर खींचा



वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। गोविंदपुरम इलाके में स्थित अग्रवाल स्वीट्स पर दिवाली के दौरान बेची गई मिठाई को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि नीरज चौधरी नाम का व्यक्ति बाउंसर्स के साथ दुकान पर पहुंचा और मिठाई खराब देने का आरोप लगाते हुए दुकानदार से अभद्रता की। इस दौरान उसने दुकानदार का कॉलर पकड़कर उसे दुकान से बाहर खींच लिया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा में है। सवाल यह उठ रहा है कि यदि दिवाली पर बेची गई मिठाई खराब थी तो इसकी शिकायत खाद्य विभाग, पुलिस या संबंधित अधिकारियों से की जा सकती थी। आखिर किसी दुकानदार के साथ इस तरह धक्का-मुक्की और मारपीट करने का अधिकार किसने दिया? कानून हाथ में लेने के बजाय शिकायत के लिए कानूनी रास्ता अपनाया जाना चाहिए था। अब मामले में पुलिस कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

बादलपुर पुलिस ने गांजा तस्करी के बड़े नेटवर्क का किया भंडाफोड़, डेढ़ करोड़ का गांजा बरामद

ट्रक के डीजल टैंक में बनाया था गुप्त केबिन, उड़ीसा से गुरुग्राम ले जाई जा रही थी गांजे की खेप







वेलकम इंडिया संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। कमिश्नरेट पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। बादलपुर थाना पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब डेढ़ करोड़ रुपये कीमत का भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। तस्कर पुलिस से बचने के लिए ट्रक के डीजल टैंक जैसा गुप्त केबिन बनाकर उसमें गांजे की खेप छिपाकर ले जा रहे थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार गांजा उड़ीसा से गुरुग्राम पहुंचाया जा रहा था।

पुलिस ने ट्रक की तलाशी के दौरान गुप्त केबिन से गांजे की बड़ी खेप बरामद की। इतनी बड़ी मात्रा में गांजा मिलने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर तस्करी के नेटवर्क, गांजे की सप्लाई और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है।

फर्जी कागजात से करोड़ों की जमीन हड़पने के खेल में पांचवां आरोपी गिरफ्तार



- ट्रोनिका सिटी पुलिस ने दिल्ली निवासी आतिफ हसन को दबोचा, चार आरोपी पहले ही जा चुके हैं जेल

वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। ट्रोनिका सिटी थाना पुलिस ने कृषि भूमि के फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी से जमीन बेचने के मामले में वांछित पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर आतिफ हसन उर्फ हातिफ हसन (23) पुत्र नूर आलम निवासी यमुना विहार, दिल्ली को ट्रोनिका सिटी क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

पुलिस के मुताबिक, 17 जुलाई 2025 को साबिर अली ने शिकायत दी थी कि आरोपियों ने पावी सादकपुर स्थित उनकी माता की कृषि भूमि के फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन के कुछ हिस्से अवैध रूप से अन्य लोगों को बेच दिए और कब्जा करा दिया।

विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। विवेचना में आतिफ हसन समेत अन्य आरोपियों के नाम सामने आए थे। मामले में फरजाना, मोहम्मद मनव्वर, अकरम और माजिद पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। पुलिस अब आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में छठी अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

'ए. ई. सी. ई. - 2026' का आयोजन

- 1277 शोध पत्रों में से 229 प्रस्तुति के लिए चयनित
- देश-विदेश के शोधकताओं और शिक्षाविदों का जुटेगा संगम
- चयनित शोध पत्र आई. ई. ई. ई. एक्सप्लोर (IEEE Xplore) में होंगे प्रकाशित

वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आई. ई. ई. ई. के तत्वावधान में नवीनतम शोध, तकनीकी नवाचार और वैज्ञानिक उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दो दिवसीय छठी अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ₹एडवांसमेंट इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग₹ (ए ई सी ई - 2026) का आयोजन 20 एवं 21 नवंबर 2026 को किया जाएगा। कॉन्फ्रेंस के संयोजक डॉ. आर.के. यादव एवं डॉ. अमित सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के लिए देश-विदेश से कुल 1277 शोध पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें से गहन समीक्षा एवं चयन प्रक्रिया के उपरांत 229 शोध पत्रों को प्रस्तुतीकरण के लिए चयनित किया गया है। कॉन्फ्रेंस की एक प्रमुख विशेषता यह है कि चयनित शोध पत्र IEEE Xplore में प्रकाशित किए जाएंगे, जो शोधकताओं के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने शोध कार्य को पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में अमेरिका, जर्मनी, थाईलैंड, ईरान, मलेशिया, नाइजीरिया, ओमान एवं उज्बेकिस्तान सहित भारत के विभिन्न राज्यों एवं क्षेत्रों के शोधकताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की है। दो दिवसीय आयोजन के दौरान देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षाविद्, वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ एवं आमंत्रित वक्ता अपने व्याख्यानों के माध्यम से नवीनतम विकास, उभरती तकनीकों और भविष्य की संभावनाओं पर अपने विचार साझा करेंगे। यह छठी अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस शोधकताओं, शिक्षाविदों एवं विद्यार्थियों को एक ऐसा वैश्विक मंच प्रदान करेगी, जहां वे अपने शोध एवं नवाचारों को प्रस्तुत करने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के अनुभवों से लाभान्वित हो सकेंगे। साथ ही, विभिन्न देशों के प्रतिभागियों के बीच अकादमिक सहयोग, ज्ञान के आदान-प्रदान और भविष्य के अनुसंधान की नई संभावनाओं को भी प्रोत्साहन मिलेगा इस अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी. के. चौहान, डायरेक्टर डॉ. बी.सी. शर्मा, डीन ई.आई.आई. डॉ. पुनीत चंद्र श्रीवास्तव, डीन एक्रीडिटेशन डॉ. रामेन्द्र सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर एच.जी. गर्ग, कॉन्फ्रेंस संयोजक डॉ. आर.के. यादव (डीन एकेडमिक), डॉ. अमित सिंघल (एचओडी, सी.एस.ई.) उपस्थित रहे।

आरकेजीआईटी में 19 एवं 20 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है डॉ. अब्दुल कलाम जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट 2026-27

वेलकम इंडिया संवाददाता



गाजियाबाद। राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद में 19 एवं 20 नवंबर 2026 को डॉ. अब्दुल कलाम स्पोर्ट्स फेस्ट 2026-27 (गाजियाबाद जोन) का आयोजन किया जा रहा है। आरकेजीआईटी की खेल सुविधाओं एवं उत्कृष्ट व्यवस्थाओं को देखते हुए डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने आरकेजीआईटी पर भरोसा जताते हुए लगातार दूसरी बार इस आयोजन की मेजबानी का अवसर प्रदान किया है। प्रतियोगिताओं के संचालन एवं मूल्यांकन के लिए सभी खेल अधिकारी अन्य संस्थानों से आएंगे। खेल महोत्सव के अंतर्गत टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शतरंज, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल एवं एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी विद्यार्थी अपनी खेल प्रतिभा, कौशल, अनुशासन एवं टीम भावना का प्रदर्शन करेंगे। इस संबंध में एच.जी. गर्ग, डीन स्टूडेंट वेलफेयर ने आयोजन की रूपरेखा एवं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस दो दिवसीय खेल महोत्सव में लगभग 20 महाविद्यालयों के 1,200 से अधिक विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। 19 नवंबर को आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में के.एस. सूद, पूर्व डीआईजी, सीमा सुरक्षा बल उपस्थित रहेंगे। सूद को कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियानों में वीरता के लिए राष्ट्रपति द्वारा गैलेंट्री मेडल से सम्मानित किया गया है। 77 वर्ष की आयु में उन्होंने अपनी दो बेटियों एवं पोती के साथ माउंट एवरेस्ट बेस कैंप तक ट्रेकिंग कर विश्व रिकॉर्ड बनाया तथा वर्ष 2025 में अन्नपूर्णा बेस कैंप तक ट्रेकिंग कर दूसरा विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। 20 नवंबर को आयोजित समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री ए. अनीता चानू, डिप्टी कमांडेंट, CRPF एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सुश्री गीता रानी, इंस्पेक्टर, CRPF एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता उपस्थित रहेंगी। इसके अतिरिक्त श्री एस.एस. घोष, जोनल स्पोर्ट्स ऑब्जर्वर भी उपस्थित रहेंगे। सुश्री ए. अनीता चानू ने कॉमनवेल्थ जूडो चैंपियनशिप तथा SAF Games में स्वर्ण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाया है। वहीं, सुश्री गीता रानी ने वर्ष 2006 के मेलबर्न कॉमनवेल्थ गेम्स में भारोत्तोलन में स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्हें महाराजा रणजीत सिंह पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। समापन समारोह में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। संस्थान का उद्देश्य खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं टीम भावना विकसित करना है। यह आयोजन युवाओं को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगा।

शोध के वैश्विक मंच पर आरकेजीआईटी की दस्तक, 1277 में से 229 शोध पत्र चयनित

वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। तकनीकी शोध और नवाचार को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आरकेजीआईटी) में 20 और 21 नवंबर को दो दिवसीय छठी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 'इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी में प्रगति-2026' आयोजित की जाएगी। आईईईई के तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन में देश-विदेश के शोधकर्ता, वैज्ञानिक, शिक्षाविद् और तकनीकी विशेषज्ञ एक मंच पर जुटेंगे। संगोष्ठी के संयोजक डॉ. आरके यादव और डॉ. अमित सिंघल ने बताया कि आयोजन के लिए विभिन्न देशों से कुल 1277 शोध पत्र प्राप्त हुए हैं। गहन समीक्षा और चयन प्रक्रिया के बाद इनमें से 229 शोध पत्र प्रस्तुतीकरण के लिए चुने गए हैं। चयनित शोध पत्र आईईईई एक्सप्लोर में प्रकाशित किए जाएंगे। इससे शोधकताओं को अपने अनुसंधान कार्य को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का अवसर मिलेगा। इस संगोष्ठी में अमेरिका, जर्मनी, थाईलैंड, ईरान, मलेशिया, नाइजीरिया, ओमान और उज्बेकिस्तान सहित भारत के विभिन्न राज्यों के शोधकर्ता भाग लेंगे। दो दिनों तक चलने वाले आयोजन में विशेषज्ञ नवीनतम तकनीकी विकास, उभरती प्रौद्योगिकियों और भविष्य में शोध की संभावनाओं पर विचार साझा करेंगे। संगोष्ठी विद्यार्थियों और शोधकताओं को अपने अनुसंधान एवं नवाचार प्रस्तुत करने के साथ अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों से सीखने का अवसर प्रदान करेगी।

20 नवंबर से शुरू होगा ईवीएम जागरूकता अभियान, चार स्थानों पर बनेंगे प्रदर्शन केंद्र

तीन तहसीलों और कलेक्ट्रेट में मतदाता ईवीएम से डाल सकेंगे मॉक वोट, वीवीपैट पर्ची देखकर समझेंगे मतदान प्रक्रिया











वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। जिले में मतदाताओं को ईवीएम और वीवीपैट की कार्यप्रणाली से परिचित कराने के लिए 20 नवंबर से विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा। इसके तहत जनपद में चार स्थानों पर ईवीएम डिमॉन्स्ट्रेशन सेंटर स्थापित किए जाएंगे। इनमें तीन तहसीलों में एक-एक तथा कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में एक केंद्र बनाया जाएगा। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार मॉदड़ ने बुधवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान की तैयारियों की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने बताया कि इन केंद्रों पर मतदाताओं को ईवीएम से मॉक वोट डालने और वीवीपैट की पर्ची देखने का अवसर मिलेगा। इससे मतदाता समझ सकेंगे कि उनके द्वारा चुने गए प्रत्याशी का नाम और चुनाव चिह्न वीवीपैट पर्ची पर किस प्रकार दिखाई देता है। केंद्रों का संचालन प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक किया जाएगा। यहां प्रशिक्षित कर्मचारियों की तैनाती के साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जागरूकता के लिए इस्तेमाल होने वाली मशीनों को निर्वाचन में उपयोग होने वाली मशीनों से अलग रखा जाए। मशीनों की सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी और रखरखाव के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। इसके अलावा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल डिमॉन्स्ट्रेशन वैन तथा सार्वजनिक स्थलों के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अभियान में सक्रिय भागीदारी करने और अधिक से अधिक मतदाताओं तक इसकी जानकारी पहुंचाने की अपील की। बैठक के बाद उन्होंने निर्वाचन कक्ष का निरीक्षण कर तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए। यह जागरूकता अभियान निर्वाचन की घोषणा तक संचालित किया जाएगा।

आयुष आपके द्वार शिविर में 125 विद्यार्थियों ने लिया भाग, 80 बच्चों को मिलीं आयुर्वेदिक दवाएं








वेलकम इंडिया संवाददाता

अलीगढ़। आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत साधु आश्रम स्थित श्री सर्वदानंद गुरुकुल संस्कृत महाविद्यालय में आउटरीच स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। आयुष सचिव एवं निदेशक, आयुर्वेद, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में हुए इस शिविर का आयोजन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, अलीगढ़ डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में किया गया।

शिविर में 125 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को योगाभ्यास और प्राणायाम कराने के साथ संतुलित आहार-विहार तथा नियमित दिनचर्या के महत्व की जानकारी दी गई। करीब 80 बच्चों को सर्दी-खांसी, जुकाम, बुखार, त्वचा संबंधी और अन्य समस्याओं के उपचार के लिए आयुर्वेदिक औषधियां वितरित की गईं।

शालीमार गार्डन में बेखौफ बदमाशों ने डॉक्टर का मोबाइल लूटा, CCTV फुटेज वायरल

- दर्जनभर चौकी इंचार्ज बदलने के बाद भी नहीं थम रहीं मोबाइल और चेन लूट की वारदातें



वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। अस्पताल जा रहे डॉक्टर महेंद्र को बाइक सवार बदमाशों ने निशाना बनाते हुए उनका मोबाइल फोन लूट लिया और मौके से फरार हो गए। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

फुटेज में बाइक सवार बदमाशों की वारदात सामने आने के बाद क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर मोबाइल और चेन लूट की लगातार हो रही घटनाओं को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इन वारदातों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहने के आरोपों के बीच करीब एक दर्जन चौकी इंचार्ज बदले जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद लूट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब डॉक्टर से मोबाइल लूट की घटना ने एक बार फिर पुलिस गश्त और बदमाशों पर नियंत्रण के दावों की हकीकत उजागर कर दी है।

आजम खां की रिहाई पर समर्थकों में जश्न, बेटे ने कहा- टाइगर की वापसी हो गई

समर्थकों ने जेल के बाहर किया जोरदार स्वागत, हाईकोर्ट के आदेश पर मिली अंतरिम जमानत







दत्तक पुत्री एकता कौशिक

वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां बुधवार को गाजियाबाद की डासना जिला कारागार से रिहा हो गए। उनकी रिहाई की खबर मिलते ही जेल के बाहर समर्थकों और सपा कार्यकर्ताओं की भीड़ जुट गई। आजम खां को लेने उनके बेटे एवं विधायक अब्दुल्ला आजम भी जेल पहुंचे। जेल से बाहर आते ही समर्थकों ने नारेबाजी कर उनका जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान अब्दुल्ला आजम ने कहा कि उनके पिता को राजनीतिक साजिश के तहत झूठे मुकदमों में जेल में रखा गया था, लेकिन आखिरकार न्यायालय ने उन्हें राहत दी है। उन्होंने कहा, 'मेरे पिता टाइगर हैं, टाइगर कभी हारता नहीं है। टाइगर इज बैक।' आजम खां ने भी हाथ हिलाकर समर्थकों का अभिवादन स्वीकार किया।

अब्दुल्ला ने बताया कि परिवार को उनके पिता की तबीयत को लेकर चिंता थी। अब वह घर जाकर आराम करेंगे और इसके बाद जनता के बीच आएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने की अपील भी की।

बता दें कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ईडी की गिरफ्तारी को प्रथम दृष्टया अवैध मानते हुए आजम खां को अंतरिम जमानत देने का आदेश दिया था। इसके बाद गाजियाबाद कोर्ट में जमानत की औपचारिकताएं पूरी होने पर बुधवार को उनकी रिहाई हुई।

11 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों का जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन



- ट्रांसफर नीति, विभागीय भ्रष्टाचार और चुनावी ड्यूटी की अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षकों ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षकों ने सरकार की ट्रांसफर नीति, विभाग में कथित भ्रष्टाचार और चुनावी ड्यूटी में अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताई। शिक्षकों का आरोप है कि एक ही शिक्षक की एक समय में कई स्थानों पर ड्यूटी लगा दी जाती है, जिससे स्कूलों में शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। उन्होंने मांगों के शीघ्र समाधान की मांग उठाई। प्रदर्शन के बाद शिक्षकों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की।

भाजपा का मतदाता जोड़ो अभियान शुरू, सांसद-विधायक भी बनेंगे पन्ना प्रमुख

22 से 24 नवंबर तक चलेगा विशेष मतदाता जोड़ो अभियान, सांसद-विधायक से लेकर पार्षद तक संभालेंगे पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारी





कपिल चौहान

गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)। भाजपा ने 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज करते हुए मतदाता जोड़ो अभियान शुरू कर दिया है। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में सदर और मुरादनगर विधानसभा क्षेत्रों में संगठनात्मक बैठकें हुईं। जिला प्रभारी एवं पूर्व मंत्री अशोक कटारिया ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य प्रत्येक पात्र मतदाता को सूची में शामिल कराना है। इसके लिए सांसद, विधायक, महापौर, पार्षद और ब्लॉक प्रमुख भी पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारी निभाएंगे। 22 से 24 नवंबर तक विशेष अभियान चलाकर घर-घर संपर्क किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची का गहन निरीक्षण करने और सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान का प्रचार करने की अपील की। बैठकों में विधायक संजीव शर्मा, अजीत पाल त्यागी, महापौर सुनीता दयाल, पूर्व महापौर आशु वर्मा सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मिठाई खराब देने के आरोप में तीन बाउंसर लेकर दुकान पर पहुंचा युवक, व्यापारी से मारपीट

वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। दीपावली पर खरीदी गई मिठाई खराब निकलने के आरोप को लेकर गोविंदपुरम में एक युवक ने दबंगई दिखाते हुए मिठाई कारोबारी के साथ मारपीट कर दी। युवक अकेले नहीं, बल्कि तीन बाउंसरों को साथ लेकर दुकान पर पहुंचा था। दुकान में घुसते ही उसने व्यापारी से अभद्रता और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर साथ आए बाउंसरों ने भी व्यापारी को घेर लिया और मारपीट की। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद मामला चर्चा में आ गया है। जानकारी के मुताबिक, युवक ने दीपावली के दौरान दुकान से मिठाई खरीदी थी और उसे किसी को उपहार में दिया था। युवक का आरोप है कि दुकानदार ने उसे खराब मिठाई दे दी, जिससे उपहार पाने वाले के सामने उसकी प्रतिष्ठा खराब हुई। इसी बात को लेकर वह तीन बाउंसरों के साथ दुकान पर पहुंच गया। सीसीटीवी फुटेज में युवक को व्यापारी के साथ गाली-गलौज करते और बाउंसरों के साथ मिलकर उस पर हमला करते देखा जा रहा है। विरोध करने पर एक बाउंसर ने व्यापारी का हाथ पकड़ लिया। व्यापारी ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए मामले को शांत कराने की कोशिश भी की, लेकिन इसके बावजूद युवक और उसके साथ आए बाउंसरों का आक्रामक रुख बना रहा। आरोप है कि उन्होंने व्यापारी को अपशब्द कहे और उसके साथ मारपीट की। घटना के बाद व्यापारी ने पुलिस से शिकायत की है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 81 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ, जनप्रतिनिधियों ने दिया आशीर्वाद

प्रत्येक जोड़े को 21 हजार रुपये की उपहार सामग्री और कन्या के खाते में मिलेंगे 64 हजार रुपये





वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत बुधवार को हापुड़ रोड स्थित धर्मशाला लाला मीनामल में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न वर्गों के कुल 81 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। सभी जोड़ों का विवाह उनके धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया गया। इनमें अनुसूचित जाति के 27, अन्य पिछड़ा वर्ग के 18, सामान्य वर्ग के 20 और अल्पसंख्यक वर्ग के 16 जोड़े शामिल रहे।

कार्यक्रम में 65 हिंदू जोड़ों का विवाह फेरे और जयमाला के साथ कराया गया, जबकि मुस्लिम समुदाय के 16 जोड़ों का निकाह संपन्न हुआ। योजना के तहत प्रत्येक जोड़े को 21 हजार रुपये की उपहार सामग्री दी जाएगी।

इसमें कपड़े, स्टील डिनर सेट, प्रेशर कुकर, ट्रॉली बैग, वैनिटी किट और दीवार घड़ी सहित अन्य घरेलू सामान शामिल हैं। इसके अलावा कन्या के बैंक खाते में 64 हजार रुपये की धनराशि दिए जाने का प्रावधान है।

समारोह में गाजियाबाद विधायक संजीव शर्मा और जिला समाज कल्याण अधिकारी संदीप चौधरी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

हर बुधवार थानों में लगेगा वादियों का दरबार, 103 फरियादियों की सुनीं समस्याएं

तीन आवेदकों के मामलों में मुकदमा दर्ज करने के आदेश, डीसीपी से लेकर एसीपी तक ने सुनीं शिकायतें







वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। कमिश्नरेट गाजियाबाद में वादियों को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से बुधवार को नगर जोन के सभी आठ थानों में वादी संवाद दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 103 फरियादियों ने पुलिस अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखीं। अधिकारियों ने वादियों से सीधे संवाद कर उनके मुकदमों की विवेचना की प्रगति बताई और सवालों के जवाब दिए। थाना विजयनगर में डीसीपी नगर धवल जायसवाल स्वयं पहुंचे और शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं। इस दौरान तीन आवेदकों के प्रार्थना पत्रों के आधार पर संबंधित मुकदमे दर्ज करने के आदेश दिए। वहीं एसीपी प्रियाश्री पाल ने वेव सिटी, एसीपी जियाउद्दीन अहमद ने नंदग्राम और एसीपी अभय राजेंद्र डागा ने कविनगर थाने में वादियों से संवाद किया। थानावार आंकड़ों के अनुसार सिहानी गेट में सबसे अधिक 22, मधुबन बापूधाम में 21, नंदग्राम में 15, विजयनगर में 13, क्रॉसिंग रिपब्लिक में 12, वेव सिटी में 8, कविनगर में 7 और कोतवाली में 5 फरियादी पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने शिकायतों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का भरोसा दिलाया। पुलिस का कहना है कि प्रत्येक बुधवार को आयोजित होने वाला यह संवाद पुलिस और जनता के बीच विश्वास, पारदर्शिता और बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

पाइपलाइन मार्ग पर रफ्तार का कहर, टक्कर लगते ही बाइक सवार कई फीट उछलकर गिरा

वेलकम इंडिया संवाददाता

मुरादनगर। पाइपलाइन मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार कई फीट हवा में उछलकर सड़क पर दूर जा गिरा। हादसे में फरुखनगर निवासी धर्मपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गांव फरुखनगर निवासी धर्मपाल सिंह बाइक से किसी काम के सिलसिले में रेवड़ी गांव जा रहे थे। जब वह पाइपलाइन मार्ग पर पुलिस चौकी के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही धर्मपाल सिंह बाइक से उछलकर सड़क पर काफी दूर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल धर्मपाल को स्थानीय लोगों की मदद से निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।